भोपाल, बुधवार
12 मार्च 2025

# दैनिक मध्य स्वर्णिम

सच्ची ख़बर, सबकी ख़बर...

वर्ष - 12 अंक-195 पृष्ठ-08 मूल्य-₹02

यह क्यूआर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर...
Scan QR Code to Read ePaper
www.madhyaswarnim.com

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का नाम तय, घोषणा टल गई

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के बाद मध्यप्रदेश संगठन को मिलेगा नया नेतृत्व

मध्य स्वर्णिम खबर विशेष



ऋषिकांत सिंह (रजत) परिहार
मो. : 09425002527

लगभग दो महीने से चल रहे मध्यप्रदेश बीजेपी अध्यक्ष को लेकर कवायद अब शांत हो गई है। प्रदेश संगठन को संभावित नया नेतृत्व, राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा के बाद ही मिलेगा। दिल्ली के सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चेहरे की तलाश पूरी कर ली है, लेकिन रणनीति के तहत इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। इसके पहले पार्टी में नए नेतृत्व को लेकर लगातार कयास लगाए जा रहे थे और दावेदार नेताओं की लंबी फौज अपने स्तर पर जोर आजमाइश भी कर रहे थे। पहले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, फिर उसके बाद बजट सत्र की वजह से नामों की घोषणा में देर हुई। एक वजह और भी थी कि इस बार रेस में कई बड़े नेताओं के नाम भी सामने आने लगे थे। सूत्रों का दावा है कि आधुनिक राजनीति के चाणक्य अमित शाह के 25 फ़रवरी के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान ही प्रदेश अध्यक्ष को लेकर अपना दृष्टिकोण पार्टी के क्षत्रपों के सामने रख दिया था। उसके बाद से ही माना जा रहा है कि सभी कयासों और दावेदारी पर लगभग लगाम लग चुकी है। पार्टी हाई कमान ने प्रदेश अध्यक्ष के लिए सुयोग्य नेता की तलाश पूरी कर ली है, लेकिन बिना किसी जल्दबाजी दिखाए घोषणा नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के जिम्मे छोड़ दी गई है। पार्टी सूत्रों का दावा है कि प्रदेश में आदिवासी वोट



बैंक को साधने और इस वर्ग में अपनी सकारात्मक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आदिवासी वर्ग के सांसद को प्रदेश अध्यक्ष बनाने जा रही है। उसके पीछे एक महत्वपूर्ण कारण यह भी है कि पडोसी राज्य छत्तीसगढ़ में हालांकि आदिवासी मुख्यमंत्री पार्टी ने दिया है, लेकिन किरण देव् सिंह के रूप में ठाकुर वर्ग का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। यही वजह है कि दिल्ली दरबार ने सारे कयासों, सामान्य वर्ग के दावेदारों से हटकर आदिवासी कार्ड खेलते हुए एक बड़े वर्ग को सन्देश देने का मन बना लिया है। जिसमें गजेंद्र सिंह पटेल, सुमेर सिंह सोलंकी और दुर्गादास उइके का नाम प्रमुखता से शामिल है।

### मनोनयन में क्यों हुई देरी ?

संगठन पर्व में प्रदेश बीजेपी के पिछड़ने के बाद जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा को लेकर भी प्रदेश नेतृत्व भी फूंक-फूंक कदम बढ़ाए। नामों की घोषणा कहाँ और कैसे होगी के मंथन के बाद प्रदेश कार्यालय ने ही किश्तों में सूची जारी की। उसके बाद धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव अधिकारी घोषित तो किया गया, लेकिन नेताओं के बढ़ते अंतर्द्वंद की वजह से प्रधान का दौरा टलता गया। उसके बाद इन्वेस्टर समिट, बजट सत्र के कारण और फिर अमित शाह के दौरे के बाद बनी नई रणनीति से प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा टलती चली गई।

### बीजेपी में ऐसा पहली बार हुआ

बीजेपी की राजनीती को करीब से समझने वाले मानते हैं, इस बार प्रदेश अध्यक्ष के मनोनयन में जिस प्रकार शह और मात का खेल दिखा वैसा पार्टी के इतिहास में कभी नहीं हुआ। पार्टी और नेतृत्व रातों-रात ही प्रदेश संगठन के मुखिया बदल दिया करते थे। ऐसा ही एक वाक्या 2015 का है, जब निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा को हटाकर नरेंद्र सिंह तोमर को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अनुशंषा पर प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। तब झा ने अपनी टीस निकालते हुए कहा था **'जिस तरह वाजपेयी जी ने पोखरण विस्फोट की भनक किसी को नहीं लगने दी,** उसी तरह शिवराज सिंह चौहान ने नरेंद्र सिंह तोमर को अध्यक्ष बनाने के फैसले की खबर किसी को नहीं होने दी' मतलब साफ़ था तब प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मुख्यमंत्री की पसंद ही अंतिम होती थी। लिहाजा यही समन्वय बनाने की कोशिश में देर हुई है।

# प्रदेश के आर्थिक सर्वे ने स्वर्णिम प्रदेश की उम्मीदें जगाईं

## जीडीपी में जबरदस्त उछाल से गदगद मोहन सरकार





**भोपाल।** मोहन यादव सरकार ने 'विकसित मध्य प्रदेश' का लक्ष्य रखा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन के अनुरूप है। सरकार का ध्यान सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास करने पर है। इसमें कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र शामिल हैं। साथ ही, सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर भी ध्यान दे रही है। इससे राज्य के लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा और रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। मध्य प्रदेश की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त सुधार आया है। राज्य की विकास दर 11.05त्न रही, जो राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा है। मोहन यादव सरकार ने विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें पिछले दो दशकों के सरकारी प्रयासों को इस सफलता का श्रेय दिया गया है। सरकार विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए 'विकसित मध्य प्रदेश' बनाने पर काम कर रही है।सर्वेक्षण के अनुसार, 2024-25 में राज्य का GDP 15,03,305 करोड़ रुपए रहा। यह 2023-24 के 13,53,809 करोड़ रुपए (अनुमानित) से 11.05 प्रतिशत ज़्यादा है। बीते दो दशकों में मध्य प्रदेश 'बीमारू' राज्य से उबरकर तेजी से विकास करने वाला राज्य बन गया है। इसमें कल्याणकारी योजनाओं का बड़ा योगदान है। प्रति व्यक्ति आय में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। 2011-12 में यह 38,497 रुपए थी, जो 2024-25 में बढ़कर 1,52,615 रुपए हो गई।2024-25 में प्राथमिक क्षेत्र का GSDP में 44.36 प्रतिशत योगदान रहा। द्वितीयक क्षेत्र का योगदान 19.03 प्रतिशतऔर तृतीयक क्षेत्र का 36.61प्रतिशत रहा। इस प्रगति के बावजूद, राज्य की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम है। सर्वेक्षण में औद्योगिक निवेश में तेजी का भी जिक्र है। दिसंबर 2024 तक 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। इनसे 4 लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। पूंजी निवेश और औद्योगिक गतिविधियों से राज्य के विकास को और गति मिलेगी। हालांकि, GSDP में उद्योग क्षेत्र का हिस्सा 19.36 प्रतिशत से घटकर 19.03 प्रतिशत हो गया है। कृषि क्षेत्र का योगदान भी 31.10 प्रतिशत से घटकर 30.90 प्रतिशत रह गया है। दिग्विजय सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार (1990-2003) के दौरान मध्य प्रदेश को 'बीमारू' राज्य कहा जाता था। तब राज्य की औसत आय राष्ट्रीय औसत के एक तिहाई से भी कम थी। आज, यह राज्य निरंतर शासन और विकास की बदलाव लाने की ताकत का प्रमाण है।

## देवड़ा आज पेश करेंगे मोहन सरकार का पहला पूर्ण बजट

बजट मोहन सरकार का जोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बताई चार जाति युवा, महिला, गरीब और किसान कल्याण पर दिखाई दे सकता है। पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता मिल सकती है। इन क्षेत्रों के लिए 10 से 15 फीसद तक वृद्धि संभव है। दूसरे क्षेत्रों में भी 5 से 8 फीसद तक बजट बढ़ाया जा सकता है। राज्य का कुल बजट 4 लाख करोड़ से अधिक हो सकता है। युवा, महिला, गरीब, किसान कल्याण के लिए सरकार मिशन शुरू कर चुकी है। हर मिशन में विभागों के समूह बनाकर समग्र विकास को फोकस किया है। हालांकि बजट में इनके कल्याण का सीधा प्रावधान नहीं होगा, पर इनसे जुड़े विभागों के लिए व्यवस्था होगी।युवा कल्याण मिशन के लिए उच्च शिक्षा, महिला के लिए महिला-बाल विकास, गरीब कल्याण के लिए पंचायत एवं ग्रामीण और किसान कल्याण मिशन के लिए कृषि विभाग नोडल एजेंसी है। दूसरा जोर पूंजीगत व्यय पर रहेगा ताकि विकसित मप्र के लक्ष्य को साधा जा सके।युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए अगले दो वर्ष में ढाई लाख सरकारी रिक्त पदों पर भर्ती का रोडमैप भी प्रस्तुत किया जा सकता है। 2025-26 में एक लाख पदों पर राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाएं कराकर भर्तियां की जाएंगी।मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि और उससे संबद्ध क्षेत्र हैं। एक करोड़ से अधिक खातेदार कृषक हैं, जिनमें 67 प्रतिशत लघु और सीमांत हैं। किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य से इतर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है।अब इसके लिए जितने भी प्रावधान होंगे, वे सब कृषक उन्नति योजना में किए जाएंगे। कैबिनेट योजना को मंजूरी दे चुकी है।

**4 लाख करोड़ रुपयों से ज्यादा का बजट,अगले चार सालों बजट दोगुना करने का संकल्प**

## महेश्वर में प्रोजेक्शन मैपिंग शो का काम रुका

### लोगों ने जताई नाराजगी



**महेश्वर।** देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती में अब केवल 80 दिन शेष हैं, लेकिन महेश्वर किला परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य अभी भी अधर में लटका हुआ है। जनवरी 2025 में महेश्वर घाट पर बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्शन मैपिंग शो की शुरुआत हुई थी, लेकिन फरवरी में खासगी ट्रस्ट के विरोध के कारण यह काम रुक गया। एक महीने बाद भी प्रशासन और खासगी ट्रस्ट के बीच सहमति नहीं बन पाई है, जिससे इस परियोजना का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि इस शो से रात्रि पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन अब वे निराश हैं। एमपी पर्यटन विभाग और खासगी ट्रस्ट के बीच तालमेल की कमी के कारण यह समस्या बनी हुई है। मैजिकल थिएटर कंपनी के सभी कर्मचारी अनिश्चितकाल के लिए महेश्वर छोड़ चुके हैं। कंपनी के संस्थापक और क्रिएटिव डायरेक्टर अमन अरोड़ा का कहना है कि स्थानीय लोगों के विरोध के बाद उन्होंने ट्रस्ट, एमपी पर्यटन, कलेक्टर और अन्य अधिकारियों को नए प्लान की जानकारी दी थी, जिसे मौखिक सहमति भी मिल गई थी। लेकिन एमओयू पर हस्ताक्षर न होने के कारण खासगी ट्रस्ट ने काम रुकवा दिया। अरोड़ा के अनुसार, अगर जल्द काम शुरू नहीं हुआ, तो मानसून के कारण इसे अक्टूबर से पहले शुरू करना संभव नहीं होगा। खासगी ट्रस्ट के मैनेजर जयंत जोशी का कहना है कि देरी एमपी पर्यटन की ओर से हो रही है। उन्होंने बताया, 'खासगी ट्रस्ट ने प्रोफार्मा भेज दिया है, लेकिन एमपी पर्यटन ने अब तक उस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

## @खबर संक्षेप

### हंगामें के बाद खरगे ने मांग ली माफी



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक बयान पर विवाद खड़ा हो गया। मंगलवार को डिप्टी स्पीकर हरिवंश को लेकर दिए गए उनके बयान पर बीजेपी ने कड़ी आपत्ति जताई और माफी की मांग की। विवाद बढ़ता देख खरगे ने अंतत: अपनी बात पर खेद प्रकट कर दिया। दरअसल राज्यसभा में नई शिक्षा नीति पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को बोलने का मौका मिला। इस दौरान खरगे भी बीच में बोलने लगे, जिस पर डिप्टी स्पीकर हरिवंश ने उन्हें रोका और कहा कि उन्हें सुबह ही बोलने का अवसर दिया गया था। इस पर खरगे ने जवाब दिया कि सुबह शिक्षा मंत्री नहीं थे। डिप्टी स्पीकर के बार-बार बैठने के आग्रह पर खरगे भड़क गए और टिप्पणी करते हुए कहा, आपको क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे। खरगे के इस बयान पर बीजेपी सांसदों ने जबरदस्त हंगामा कर दिया। राज्यसभा में नेता जेपी नड्डा ने बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ङ्क नेता विपक्ष तजुर्बेकार हैं, उन्होंने संसदीय कार्य में लंबा अनुभव लिया है। लेकिन जिस भाषा का इस्तेमाल किया गया है, वह निंदनीय है।

### JKIM पर पांच साल के लिए लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन को एक अवैध संघ घोषित कर दिया है और अगले पांच वर्षों तक उसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि यह संगठन अवैध गतिविधियों में संलिप्त है, जो देश की एकता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं। गृह मंत्रालय ने जारी किए गए एक आदेश में कहा कि जेकेआईएम देश के खिलाफ कार्य कर रहा है और इसके कार्यों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो रहा है। इसके तहत संगठन की सभी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है और इसके सदस्य या सहयोगी किसी भी प्रकार की सक्रियता में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस फैसले के बाद, जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षा बलों को संगठन के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया है। गृह मंत्रालय के इस निर्णय को देशभर में सुरक्षा मामलों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए आवश्यक कदम है।

### ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया



**वॉशिंगटन।** दुनियाभर के बाजारों में जोरदार गिरावट के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कनाडा से एल्युमीनियम और इस्पात के आयात पर प्रस्तावित शुल्क को दोगुना किया जाएगा। यह अब 25 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी किया जाएगा। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा कि बुधवार से लागू होने वाले टैरिफ में वृद्धि ओंटारियो की प्रांतीय सरकार द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका को बेची जाने वाली बिजली की कीमतों में की गई वृद्धि का जवाब है। मैंने अपने वाणिज्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे कनाडा से संयुक्त राज्य अमेरिका में आने वाले सभी स्टील और एल्युमीनियम पर 25त्न से लेकर 50त्न तक का अतिरिक्त टैरिफ लगाएं, जो कि दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है। ट्रंप ने लिखा कि यह 12 मार्च को लागू होगा। साथ ही कनाडा को विभिन्न अमेरिकी डेयरी उत्पादों पर 250त्न से 390 प्रतिशत तक के अपने एंटी-अमेरिकन किसान टैरिफ को तुरंत हटाना चाहिए, इसे लंबे समय से अपमानजनक माना जाता रहा है। मैं जल्द ही खतरे वाले क्षेत्र में बिजली पर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करूंगा। इससे अमेरिका को कनाडा से इस अपमानजनक खतरे को कम करने के लिए जो कुछ भी करना है, वह जल्दी से करने में मदद मिलेगी। ट्रंप ने कहा कि यदि कनाडा द्वारा अन्य गंभीर, दीर्घकालिक टैरिफ को भी नहीं हटाया जाता है, तो मैं दो अप्रैल को अमेरिका में आने वाली कारों पर टैरिफ में काफी वृद्धि करूंगा, यह कनाडा में ऑटोमोबाइल विनिर्माण व्यवसाय को स्थायी रूप से बंद कर देगा।

## रेलवे संशोधन बिल पास, अब जीएम को मिला एक हजार करोड़ के प्रोजेक्ट स्वीकृत करने का अधिकार




**नई दिल्ली।** रेलवे संशोधन अधिनियम 2025 बिल पास हो गया है। यह बिल यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने में मददगार होगा। वहीं, हादसों को रोकने के लिए कचव 4.0 तकनीक के इस्तेमाल का काम तेजी से किया जा सकेगा। नई रेल लाइन बिछाने, स्टेशनों पर रिडेवलमेंट का काम कराने और यात्रियों के सुविधाजनक सफर के लिए नई नई तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा देने वाला है। रेलवे बोर्ड के एग्जक्यूटिव डायरेक्टर के मुताबिक राज्यसभा में पास रेलवे (संशोधन) विधेयक 2025 से जोनों की ताकत बढ़ेगी। जोन के जीएम को एक हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट स्वीकृत करने का अधिकार दिया है यानी स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा से लेकर सुरक्षा तक के काम को जीएम खुद करा सकेंगे। अभी तक रेलवे बोर्ड की स्वीकृति लेनी पड़ती थी।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



**नई दिल्ली।** मॉरीशस ने प्रधानमंत्री मोदी को ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार और की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित करने की घोषणा की है। इसके साथ ही ये किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया जाने वाला 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन देने की घोषणा की। पीएम मोदी मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। रामगुलाम ने पोर्ट लुईस में भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में ये घोषणा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उनका स्वागत रामगुलाम ने किया।

## बलूच लिबरेशन आर्मी ने 120 यात्रियों को बंधक बनाया, पाकिस्तान में ट्रेन पर कब्जा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक पूरी ट्रेन हाईजैक होने की खबर सामने आई है। बताया गया है कि बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से करीब 100 किलोमीटर दूर बोलन स्टेशन पर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के उग्रवादियों ने ट्रेन को बंदूक के दम पर अगवा कर लिया। ट्रेन में सैकड़ों यात्रियों की मौजूदगी की बात कही गई है। बीएलए ने इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के छह जवानों को मार गिराने की बात भी कही है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) क्या है? इस संगठन का क्या इतिहास रहा है? इसका नेतृत्व कौन कर रहा है? इसके अलावा बीएलए के लड़ाकों की विचारधारा क्या है और यह संगठन बीते दिनों में किस तरह पाकिस्तान और चीन को निशाना बना रहा है?

बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को जबरदस्त समर्थन प्राप्त है। हालांकि, खुले तौर पर यहां लोग बलूच लिबरेशन आर्मी के समर्थन में खड़े नहीं दिखाई देते। इसकी वजह यह है कि पाकिस्तान सरकार ने बीएलए से बात करने की जगह 2006 में ही इस संगठन को बैन कर दिया। तब से लेकर अब तक बीएलए पाकिस्तानी सरकार के नुमाइंदों को निशाना बनाती आ रही है।

**अव्यवस्था** निगरानी की सरकारी बातें निकल रही बेमानी मुनाफा खोर हुए सक्रिय

## मध्यप्रदेश में एक लाख क्विंटल से अधिक धान हुआ लापता



**भोपाल।** प्रदेश में बड़े पैमाने पर धान खरीद में हेराफेरी के मामले सामने आए हैं। अब मैहर जिले में एक करोड़ रुपए का 4,200 क्विंटल धान गायब हो गया है। एमपी सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों की शिकायत पर सेवा सहकारी समिति, जरोहा, मानिकवार के तीन पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह सहकारी समिति रामनगर थाना क्षेत्र में धान खरीदी केंद्र भी थी।

इस मामले में धान की हेराफेरी का आरोप है। मामले की जांच चल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। मध्य प्रदेश के 10 जिलों से MSP पर खरीदा गया 1 लाख क्विंटल से ज्यादा धान 'लापता' है। मैहर जिले के रामनगर पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, एमपी सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन, सतना के मैनेजर पंकज बोर्से ने सहकारी समिति के मैनेजर दीपेंद्र सिंह, खरीद प्रभारी संजीव तिवारी और ऑपरेटर अनिल कुमार दहायत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप है कि 4,203.6 क्विंटल धान, जिसकी कीमत 96,68,280 रुपये से अधिक है, गायब है।

आरोप है कि इन आरोपियों ने धान की हेराफेरी की है।एफआईआर के मुताबिक, धान की खरीद प्रक्रिया 23 जनवरी को पूरी हो गई थी। लेकिन सहकारी समिति में अभी भी बड़ी मात्रा में धान पड़ा हुआ दिखाई दे रहा था। इसके बाद 17 फरवरी को समिति में धान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने का आदेश दिया गया। रामनगर को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक ने 19 फरवरी की अपनी रिपोर्ट में बताया कि समिति में लगभग 4,203.6 क्विंटल धान गायब है।सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीमों ने इस रिपोर्ट का फिर से सत्यापन किया। सत्यापन में शाखा प्रबंधक की रिपोर्ट सही पाई गई। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया और रामनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।रामनगर थाना प्रभारी टीकाराम कोरी ने बताया कि हमने शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और विस्तृत जांच भी की जा रही है।इस साल राज्य में धान की खरीद 23 जनवरी को समाप्त हो गई थी। रिकॉर्ड के अनुसार कुल 43.52 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई।

खरीद प्रक्रिया समाप्त होने से पहले, 13 जनवरी को रीवा के सोहागी में 1.43 करोड़ रुपये के फर्जी धान खरीद का मामला सामने आया था। यह खरीद केवल कागजों पर हुई थी।सोहागी में फर्जी खरीद के मद्देनजर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने सभी कलेक्टरों को 24 जनवरी को सभी खरीद केंद्रों पर स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के लिए पत्र लिखा था। इसके बाद, रीवा, जबलपुर और बालाघाट जैसे जिलों में कई एफआईआर दर्ज की गईं।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### खावाड़ी में पंचायत भवन निर्माण को लेकर विवाद

**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** बेलगांव दरबई मार्ग की ग्राम पंचायत लीखावाड़ी में पंचायत भवन निर्माण को लेकर विवाद है। मंगलवार को सरपंच के साथ ग्रामीणों ने एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन सोपा । ज्ञापन में सरपंच और ग्रामीणों द्वारा चयनित जगह वार्ड क्रमांक 3 में पंचायत भवन निर्माण की मांग की गई। इस मामले में राजनीतिक दबाव में पंचायत भवन निर्माण की जगह बदलने का आरोप लगाया गया। सरपंच विनीता मरकाम और ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया क़ि लीखावाड़ी में पंचायत भवन का निर्माण स्वीकृत किया गया है। इसकीं राशि भी आ गई है। भवन निर्माण के लिए वार्ड क्रमांक तीन की जगह देखी गई है। यहां जगह ज्यादा है। कुछ लोग पुरानी जगह पर ही भवन निर्माण कराना चाहते है। वहां जगह कम है। राजनीतिक दबाव में चयनित जगह बदलने का उन्होंने आरोप लगाया। एसडीएम से वार्ड क्रमांक तीन में ही भवन बनाने की मांग की गई है।

### न्यूटन में गणेश मंदिर में स्थापित हो गायत्री प्रतिमा

**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** न्यूटन के गणेश मंदिर में गायत्री प्रतिमा स्थापित करने के लिए महिलाओं ने आज न्यूटन पुलिस चौकी में आवेदन दिया। महिलाओं ने कहा कि लंबे समय से प्रतिमा लाकर उन्होने रखी है। लेकिन मंदिर में प्रतिमा की स्थापना नहीं की जा रही है। पूर्व पार्षद सीता पाल ने कहा कि लंबे समय से महिलाएं गायत्री देवी की प्रतिमा की स्थापना की मांग कर रही है। मंदिर बडा है। मंदिर सार्वजनिक भी है। फिर क्यों यहां प्रतिमा की स्थापना नहीं की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से प्रतिमा स्थापना की मांग की।

### सागर से भोपाल जा रही बस से निकला धुआं, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** सागर से भोपाल जा रही गुप्ता ट्रैवल्स की बस में अचानक धुआं निकलने लगा। घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे बेगमगंज के कोलू घाट मंदिर के पास की है। बस से धुआं निकलते देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। चालक ने तुरंत बस रोक दी। सभी 30 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बस के गर्म होने के कारण टर्बो से तेज धुआं निकल रहा था। धुआं इतना अधिक था कि दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। बस में आग लगने की अफवाह फैलते ही यात्रियों के परिजन और अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। बेगमगंज थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। यात्रियों का सामान भी सुरक्षित रहा। कुछ समय बाद धुआं छंट गया। सभी यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### लोधी समाज हुआ लामबंद दिया ज्ञापन, जीतू पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** शहर में लोधी समाज ने मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर सरोज अग्निवंशी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। मामला राजगढ़ जिले के सुठालिया गांव का है। यहां 1 मार्च को लोधी समाज ने रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित की थी। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने संबोधन में समाज को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और व्यसनों से दूर रहने की सलाह दी। लोधी समाज का आरोप है कि कार्यक्रम की सफलता से बौखला,जीतू पटवारी ने वीडियो को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। उन्होंने अधूरी बात दिखाकर रानी अवंतीबाई और पूरे लोधी समाज का अपमान किया। समाज के लोगों का कहना है कि पटवारी के विवादित बयान से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि पटवारी ने बिना सोचे-समझे अनर्गल बयान देकर कार्यक्रम को विवादित बना दिया। इस कारण पूरा लोधी समाज खुद को अपमानित महसूस कर रहा है। समाज के प्रतिनिधियों ने पटवारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### जिला स्तरीय युवा संगम मेला गैरतगंज में 12 मार्च को

**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार तथा जिपं सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में 12 मार्च को गैरतगंज में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 12 मार्च को गैरतगंज में जनपद पंचायत कार्यालय के समीप आयोजित किया गया है।

# टेक मोहल्ले में सब्जी विक्रेता के घर में लगी आग

## उंची उठी लपटे, पूरा घर जलकर खाक हुआ

**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**

नगर के वार्ड क्रमांक चार टेक मोहल्ला में पुलिस थाने के पीछे सब्जी विक्रेता के घर में मंगलवार की रात साढे सात बजे आग लग गई। आग की लपटे कुछ ही देर में तेजी से उठने लगी। आग से पूरा घर खाक हो गया। पडौसियों ने फायर ब्रिगेड पहुंचने तक मदद कर आग को फैलने से रोका। चांदामेटा और न्यूटन की फायर बिग्रेड बुलाई गई।

पुलिस थाने के पीछे टेक मोहल्ले में सलीम भारती के निवास के समीप सब्जी विक्रेता राजेंद्र ठवरे निवास करते है। यहीं उनका आलू का गोदाम भी है। घर पर उनकी मां अकेली थी। पति पत्नी और बच्चे दुकान पर थे। पडौसियों ने उन्हें घर में आग लगने की सूचना दी। जब वे पहुंचे तो घर से तेज लपटे उठ रही थी। पडौसियों ने पाईप से पानी डालकर आग को रोके रखा। टीआई जगोतिन मसराम, एसआई नरेंद्र तिवारी, आरक्षक विपिन पांडे, धर्मदास यादव मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड के लिए काल किया गया। नगर पालिका के सुपरवाईजर सलीम खान मौके पर पहुंचे। परासिया नगर पालिका का फायर फाईटर वाहन झुर्रे गया था। इसलिए चांदामेटा न्यूटन का फायर वाहन बुलाया गया। लेकिन गलियां अत्यंत संकरी होने से फायर फाईटर वाहन को पहुंचने में दिक्कत हुई। रात सवा आठ बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। वार्ड पार्षद वीर बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे।





गौरतलब है कि एक दिन पहले उनकी दुकान मे आग लगी थी। आज घर में आग लग गई। इसलिए इस घटना को संदिग्ध माना जा रहा है। राजेंद्र ठवरे ने बताया कि वे दुकान पर थे। आकर देखा तो आग लगी थी। उनकी पत्नी श्यामा ठवरे ने बताया कि कल दुकान की आग बुझाए आज घर की आग बुझाई गई। महिला का रो रोकर बुरा हाल थां।

## मार्च महिने में टैक्स जमा करने से नागरिकों को होगा लाभ



परासिया। मार्च के महिने में टैक्स जमा करने से नागरिकों को लाभ होगा। नागरिक लगभग साठ प्रतिशत ज्यादा राशि देने से बच सकेंगे। नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने नागरिकों से अपने बकाया टैक्स मार्च के महिने में जमा करने की अपील की है। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि एक अप्रेल से व्यवस्थाएं बदलती है। नए टैक्स लागू होते है। बकाया पर सरचार्ज जुडता है। इन सबके चलते नागरिकों को ज्यादा राशि देना होता है। इसलिए उन्होंने नागरिकों से कहा कि मार्च का महिना खत्म होने से पहले टैक्स की राशि जमा कर देवें।

# उमरेठ में कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला जलाया

## बयान के खिलाफ राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सोपा ज्ञापन



**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**

उमरेठ में मंगलवार को ब्लॉक, कांग्रेस कमेटी ने मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला जलाया । कांग्रेस ने जुलूस निकालकर तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपा। प्रहलाद पटेल के बयान की निंदा की और कार्रवाई की मांग की गई। गौरतलब है की कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने हाल ही में एक कार्यक्रम में मंच से भिखारी को लेकर बयान दिया था। कांग्रेस ने कहा की केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल प्रदेश की जनता को भिखारी बता रहे है। जबकि इन्हीं के वोटो से जनप्रतिनिधि बनते हैं। प्रहलाद पटेल के बयान को कांग्रेस ने अति अहंकार वाला बयान बताया। कांग्रेस ने दोपहर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यालय से जुलूस निकाला । मुख्य मार्गो से होकर जुलूस थाने के समीप पहुंचा। यहां तिराहे पर पुतला जलाया गया इसके बाद तहसील कार्यालय में तहसीलदार मोनिका विश्वकर्मा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपा। इस दौरान परासिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय किशोर उईके , पूनम उईके महिला कांग्रेस अध्यक्ष राधा साहू और भगवान दीन यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अधिवक्ता संघ चुनाव में जमा हुए पांच फार्म

## कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य के लिए जमा हुए नामांकन पत्र



**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**

परासिया अधिवक्ता संघ के लिए चुनाव प्रक्रिया के दूसरे दिन मंगलवार को पांच नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए एक नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के लिए चार फार्म जमा किए गए।

कोषाध्यक्ष पद के लिए वीर बहादुर सिंह ने फार्म जमा किया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के लिए दीपक कुमार आरसे, अनुराग जायसवाल, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, राकेश तायडे ने फार्म जमा किए। बीते चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए कोई फार्म जमा नहीं हुआ। सह सचिव के लिए आज एक फार्म लिया गया। चुनाव अधिकारी संतलाल यादव, सहायक निर्वाचन अधिकारी हेमंत सोनी, संध्या सूर्यवंशी, विकास राय ने बताया कि आज पांच नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आठ मार्च तक कर दिया गया। सोमवार से नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। बारह मार्च को सुबह साढे दस से तीन बजे तक नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा सकेंगे। 17 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की संविक्षा की जाएगी। 18 मार्च नाम वापसी की तिथी रहेगी। अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन इसी दिन होगा। इसके बाद 25 मार्च सुबह नौ बजे से तीन बजे तक मतदान होगा।

# हडताल पर गए सैकडों आटो चालक, परेशान हुए यात्री

## आटो लेकर निकाला जुलूस, कलेक्टर से की चर्चा

**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**

प्रशासन ने आटो चालकों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की है। इस कार्रवाई से राहत पाने आटो चालकों ने आज हडताल कर प्रशासन को मांगपत्र सौंपा। सैकडों आटो के साथ रैली निकाली गई। आटो यूनियन के प्रतिनिधियों ने देर शाम कलेक्टर से चर्चा की। मंगलवार को शाम साढे सात बजे आटो यूनियन ने कहा कि हडताल बुधवार को जारी रहेगी। संभव हुआ तो अनशन भी किया जाएगा।

परासिया बाईपास में दोपहर से आटो चालक एकत्रित होना प्रारंभ हो गए थे। भाजपा नेता पीयूष बत्रा से आटो चालकों ने चर्चा की। पीयूष बत्रा बाईपास पर पहुंचे और आटो चालकों की मांगों को सुना। उन्होंने कहा कि आटो चालकों की मांगों को उचित माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाकर राहत दिलाने का प्रयास करेंगे। इसके बाद आटो चालकों ने सैकडों आटो के साथ छिंदवाडा तक रैली निकाली। देहात थाना क्षेत्र में इस रैली को रोक दिया गया। रैली को छिंदवाडा प्रवेश नहीं करने दिया गया। इसके बाद पुलिस के साथ आटो यूनियन के प्रतिनिधी कलेक्टर से मिलने पहुंचे। एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आटो चालकों की मांगों को संवैधानिक करने, दो विधानसभा क्षेत्र में आटो परिवहन की अनुमति देने की मांग की गई।



आटो यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने कहा कि परासिया विधानसभा क्षेत्र में पांच हजार आटो चलते है। सभी की रोजी रोटी छिंदवाडा से जुडी है। कार्रवाई से रोजी रोटी का संकट खडा हो गया है। सैकडों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। एक विधानसभा क्षेत्र में आटो की भरमार हो जाएगी। आपस में विवाद होंगे। उन्होंने कहा कि दो विधानसभा क्षेत्र में आटो को चलाने की अनुमति प्रशासन को देनी चाहिए।

# परासिया छिंदवाड़ा मार्ग पर सोना पिपरी में दो बाइक की भिड़ंत

## दो युवक गंभीर घायल, हंड्रेड डायल वाहन से लाए अस्पताल

**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**

छिंदवाड़ा मार्ग पर सोना पीपरी में सोमवार की रात दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में जुन्नारदेव के जमकुंडा निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए । 108 एंबुलेंस नहीं मिलने पर परासिया के हंड्रेड डायल वाहन से इन्हें तत्काल परासिया अस्पताल लाया गया ।अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर इन्हें छिंदवाड़ा रेफर किया गया।



घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार जमकुंडा निवासी अंकित युवनाती और मयंक इवनाती दोपहर में छिंदवाड़ा मैच खेलने गए थे ।क्रिकेट मैच खेलकर वह अपनी बाइक से जमकुंडा वापस लौट रहे थे ।सोना पीपरी में बल्ले बल्ले ढाबे के समीप सामने से आ रहे बाइक सवार ने इन्हें टक्कर मार दी। इस टक्कर में अंकित और मयंक गंभीर रूप से घायल हो गए ।परासिया की हंड्रेड डायल वाहन को घटना की सूचना मिली ।आरक्षक विपिन चंद्र पांडे और हंड्रेड डायल वाहन चालक संजय डेहरिया तत्काल सोना पीपरी घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों गंभीर घायलों को हंड्रेड डायल वाहन में डालकर परासिया अस्पताल लाया गया।

महज 20 मिनट में घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल लाकर पुलिस ने जान बचाने में मदद की ।अस्पताल में डॉक्टर अनमोल चतुर्वेदी ने घायलों का उपचार किया नर्सिंग स्टाफ कविता आरसे,रोशनी अहिरवार, संदीप गायकवाड़, प्रभा ने उपचार में सहयोग किया।

# होलिका दहन 13 मार्च को, सज गई रंग और गुलाल की दुकानें

*होलिका दहन पर भद्रा का साया, केवल 1 घंटे का रहेगा शुभ मुहूर्त*



**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

जिले भर में इस इस बर्ष होली का पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। बच्चे, बुजुर्ग, युवा महिला सहित हर वर्ग में पर्व को लेकर खासा उत्साह है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक हालिका दहन गुरुवार को किया जाएगा। इसके अगले दिन शुक्रवार को रंगोत्सव की धूम रहेगी। इसके लिए लोगों की तैयारी जोरों पर है। बाजार में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। लोगों में हर्बल रंग और गुलाल की मांग अधिक है। शहर में 50 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। समितियां होली दहन स्थलों पर इसकी तैयारियां कर रही हैं। होली और रंग पंचमी के त्योहार को लेकर पुलिस ने पूरी तरीके से सतर्क है।

### इस बर्ष होलिका दहन पर रहेगा भद्रा का साया:

इस बर्ष होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा। ज्योतिषाचार्य के अनुसार होलिका दहन के लिए प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा पर शुभ मुहूर्त लगभग एक घंटे का समय रहेगा। इसे लेकर श्रद्धालुओं ने तैयारी शुरू कर दी है ।भ्रदा काल में होलिका दहन वर्जित माना जाता है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 13 मार्च सुबह लगभग 10.35 बजे से प्रारंभ होगी। इसका समापन 14 मार्च दोपहर 12.24 बजे तक रहेगी। 13 मार्च को दिन और रात में पूर्णिमा तिथि होने की वजह से होलिका दहन इसी दिन होगा। फाल्गुन पूर्णिमा प्रारंभ होने के साथ भद्रा का साया भी प्रभावशील हो जाएगा, जो रात लगभग 11.26 बजे तक रहेगी। होलिका दहन के लिए रात लगभग 12.23 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। मान्यता है कि होलिका दहन से परेशानियां दूर होती है और परिवार में सुख,शांति और समृद्धि की कामना पूरी होती है।

### रंगोत्सव का बाजार सजकर तैयार:

रंगोत्सव को लेकर बाजार में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। इस बार बच्चों के लिए विशेष पिचकारियों की भरमार है। भगवान परशुराम का फरसा, त्रिशूल,गदा और शिवाजी महाराज की तलवार वाली पिचकारियां बच्चों को खूब भा रही हैं। दुकानदारों ने बताया कि ये पिचकारियां दस फीट दूर तक रंग फेंक सकती हैं। एयर प्रेशर वाली पिचकारियां भी उपलब्ध हैं। डोरेमोन, शिजूका और छोटा भीम जैसे कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां और मुखौटे भी बिक्री के लिए आए हैं।

# अमेरिकी प्रोफेसरों ने साँची में देखा भारतीय सांस्कृतिक वैभव

## साँची विश्वविद्यालय किया छात्रों शिक्षाको का दल का स्वागत



**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।**

भारत की सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक विविधता देखने समझने निकले अमेरिकी प्रोफेसरों के दल ने मंगलवार को साँची विश्वविद्यालय का दौरा किया। साँची विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.वैद्यनाथ लाभ ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने सभी का परिचय बौद्ध और भारतीय परंपराओं से कराते हुए बौद्ध धर्म, भगवान बुद्ध और बौद्ध धर्म के वैश्विक प्रचार.प्रसार में सम्राट अशोक के योगदान पर गहन प्रकाश डाला। फुलब्राइट हेस ग्रुप,न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय और अमेरिका के युवा हिन्दी संस्थान की अगुवाई में विभिन्न अमेरिकी विश्वविद्यालयों के 20 शिक्षकों और छात्रों का दल साँची आया। यह दल मध्यप्रदेश के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर रहा है ताकि भारत की संस्कृति, लोक कलाओं,पौराणिक मान्यताओं, जातक कथाओं के माध्यम से गहन अध्ययन कर सके। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय की प्रोफेसर गैब्रिएला निकोलेवा ने बताया कि वो भारतीय विविधताओं, परंपराओं, संगीत, ऐतिहासिक इमारतों के अध्ययन से सीख रहे है ताकि इस ज्ञान को अमेरिका के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सम्मिलित किया जा सके। दल के मुखिया और युवा हिंदी संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक ओझा ने संबंधों में प्रगाढ़ता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय इतिहास और संस्कृति हमेशा नई चीजें सिखाती है। यहां की सीख अमेरिका जाकर छात्रों के लिए बेहतर पाठ्यक्रम निर्माण में काम आएगी।

अमेरिकी प्रोफेसरों के दल में रूटजर्स विश्वविद्यालय की कला इतिहासविद डॉक्टर पृथा मुखर्ज़ी, सेन फ्रैंसिस्को विश्वविद्यालय के छात्र डेनियल मेंगो,मिडिलसेक्स कॉलेज न्यू जर्सी की शिक्षक सविता बाला,बायोसे स्टेट यूनिवर्सिटी इडियाहो की शिक्षक इर्याना बाबिक,नार्थ कैरोलीना यूनिवर्सिटी की निलाक्षी फुकन,ड्यूक यूनिवर्सिटी की कुसुम नापज़्येक,न्यू यॉर्क की सिरैक्यूज़ यूनिवर्सिटी की भानुश्री सिसोदिया के साथ ही दल में विभिन्न् कम्युनिटी इंस्ट्रक्टर और छात्र भी सम्मिलित हैं।

# जनसुनवाई में कलेक्टर विश्वकर्मा ने नागरिकों ने लगाई गुहार, समस्याओं का किया निराकरण




**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया। कुछ आवेदनों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। जिले की अन्य तहसीलों से आए आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए कलेक्टर द्वारा वीसी के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निराकरण किया जाए। आवेदक को अपनी समस्या के समाधान हेतु बार-बार जनसुनवाई में आने की आवश्यकता ना पड़े। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने वीसी के माध्यम से एसडीएम, जनपद सीईओ तथा सीएमओ को भी निर्देशित किया कि विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के इंदौर-उज्जैन संभाग में सबसे ज्यादा गर्मी, 38 डिग्री पहुंचा पारा, बढ़ेगा तापमान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। यहां का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इंदौर और उज्जैन संभाग में सबसे ज्यादा पारा बढ़ा है। सोमवार को धार-रतलाम में दिन का तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं, उज्जैन में 37 डिग्री और भोपाल-इंदौर में 35 डिग्री के पार रहा। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन तक पारे में और बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। नए सिस्टम से पारा फिर से लुढ़क सकता है।

एक बार फिर हो सकती है तापमान में गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक, 12 मार्च से उत्तर-पश्चिम भारत में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। जिसका असर अगले एक-दो दिन में देखने को मिलेगा। जिससे दिन-रात के तापमान में गिरावट होने की संभावना है। हालांकि तापमान में ज्यादा गिरावट की उम्मीद नहीं है। दो-तीन डिग्री तापमान नीचे जा सकता है। रात और दिन के तापमान में हुई बढ़ोतरी

पिछले 3 दिन से प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा है। सोमवार को धार-रतलाम में 38 डिग्री, शिवपुरी-मंडला में 37 डिग्री, गुना में 36.5 डिग्री, खरगोन में 36 डिग्री, सागर, सिवनी, नर्मदापुरम-टीकमगढ़ में 35.8 डिग्री, खजुराहो में 35.6 डिग्री, दमोह-बैतूल में 35.5 डिग्री, नरसिंहपुर में 35.2 डिग्री और खंडवा में 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 37 डिग्री तक पहुंच गया। इंदौर में 35.6 डिग्री, भोपाल में 35.4 डिग्री, ग्वालियर में 34.5 डिग्री और जबलपुर में 34 डिग्री रहा। रविवार-सोमवार की रात की बात करें तो धार में सबसे ज्यादा 23.2 डिग्री रहा था।

### इस सप्ताह प्रदेश में ऐसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस सप्ताह इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में रात का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक होगा। गुजरात के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा, शहडोल, ग्वालियर और चंबल संभाग में तापमान सामान्य 15-17 डिग्री तक रहेगा। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। भोपाल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग में यह सामान्य (31-34 डिग्री सेल्सियस) पर बना रहेगा। इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से में बादल जरूर छाए रहेंगे।

# होली पर ब्लेक में बेचने के लिये तस्कर ने कर रखा था डेढ़ लाख की शराब का स्टॉक



**भोपाल।** राजधानी भोपाल की क्राइम ब्रांच टीम ने एक ऐसे शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसने होली के त्यौहर पर ब्लेक में शराब बेचने के लिये बड़ी मात्रा में शराब का स्टॉक कर रखा था। पुलिस ने डेढ़ लाख कीमत की 315 लीटर शराब जप्त कर आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस आयुक्त क्राइम ब्रांच मुख्तार कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताय की टीम को मुखबिर से सूचना मिली की मिलिट्री गेट के पास मजदूर नगर शाहजहांनाबाद डेनी मकवाना नाम के युवक ने अपने घर में बडी मात्रा में अवैध रूप से देशी शराब का स्टॉक एक कमरे मे कर रखा है, जिसे फुटकर बेच रहा है।

खबर मिलते ही क्राइम ब्रांच टीम ने संदेही डेनी मकवाना पिता स्व. डालचंद्र मकवाना (4) निवासी म.न. 10 मजदूर नगर शाहजहानाबाद को घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसके घर की तलाशी लेने पर उसके कमरे में बडी मात्रा में देशी शराब की पेटिया रखी मिली। पुलिस ने शराब की बॉटलो से भरी दर्जनो पेटियो जप्त की। जिसके बारे में पूछताछ करने डेनी मकवाना ने बताया की वह इन्हें होली के त्योहार वाले दिन ड्राय डे होने पर मंहगे दामो में बेचने के लिये रखे हुए था।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### वीआईपी रोड पर चाइनीज मांझे से कटी बाइक सवार की नाक

**भोपाल।** वीआईपी रोड पर दोपहर बाइक के समय उस समय सनसनी फैल गई जब यहॉ से गुजर रहे एक दो पहिया वाहन सवार युवक की नाक चाइनीज मांझे से कट गई। मांझे से नाक कटने से उसे गंभीर चोट आई और काफी खून निकला आया। दोपहर में एक व्यक्ति बाइक से वीआईपी रोड से जा रहा था, तभी एक कटी हुई पतंग हवा में लहराती हुई निकली और उसके मांझा बाइक सवार युवक की नाक को रगड़ता हुआ निकला जिससे उसकी नाक बुरी तरह कट गई। युवक ने फौरन ही अपना वाहन सड़क किनारे लगाया और वहीं बैठ गया। उसकी हालत देख वहां से गुजर रहे लोगों ने उसकी नाक से खून बहते देखा उसे साफ किया और कपड़ा रखकर खून बदं करने का प्रयास करते हुए उसे इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया। लोगों ने वीआईपी रोड पर चायनीज मांझा भी पड़ा देखा था। इसके बाद उसे सड़क से हटाया दिया गया। घटना के घायल का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं पुलिस का कहना है, कि वीआईपी रोड पर हुई ऐसी घटना की जानकारी मिली है, लेकिन अस्पताल से रात तक कोई सूचना नहीं आई वहीं घायल युवक ने भी कोई शिकायत नहीं की है। सूचना न मिलने से पुलिस घायल से संपर्क भी नहीं कर सकी।

### राजधानी में शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी युवक हुआ गिरफ्तार

**भोपाल।** भोपाल के छोला मंदिर इलाके में एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, 36 वर्षीय पीड़िता छोला मंदिर इलाके में अकेली रहती है। करीब दस साल पहले उसकी शादी हुई थी, लेकिन घरेलू विवाद के चलते उसका तलाक हो गया। एक साल पहले उसकी पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से संतोष नामक युवक से हुई। बातचीत के दौरान संतोष को महिला के अकेले रहने की जानकारी मिली, जिसके बाद उसने धीरे-धीरे उससे नजदीकियां बढ़ा लीं और उसकी मदद करने लगा।

भारत निर्वाचन आयोग, चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

### आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल 2025 तक मांगे सुझाव

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल, 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है। पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। इसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी।

### मृतक साडू भाई पत्नि से प्रेम करता था आरोपी

# क्राइम पेट्रोल, भोकाल बेब सीरीज देखकर रची थी साडू भाई की हत्या की साजिश

### फिर मुबंई से भोपाल आकर की हत्या, लाश के पास फैंका चूड़ी और श्रंगार का सामान





**भोपाल।** पुराने शहर के गौतम नगर थाना इलाके में करीब 22 दिन पहले युवक की गला दबाकर हत्या कर बाहर से दरवाजा लगाकर भागने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके साडू भाई ने ही की थी। आरोपी साडू भाई नवरतन गुप्ता फिलहाल मुंबई में रहता है, वह मृतक सोनू गुप्ता की पत्नी चंदा से एक तरफा प्यार करता था। इसी बात को लेकर उसकी अपने साडू से कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद साडू नवरतन ने सोनू की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर कमरे में बाहर से ताला लगाकर छिपते-छिपाते हुए वापस मुंबई भाग गया था।

#### यह था मामला

गौतम नगर थाना टीआई महेंद्र सिहं ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके में स्थित कृष्णा कॉलोनी में रहने वाला 32 वर्षीय सोनू गुप्ता पिता राम प्यारेलाल गुप्ता मूल रुप से उत्तर प्रदेश के गुजरात जिले के सुल्तानपुर का रहने वाला था। वह कबाड़खाने में एमटी ट्रैडर्स के नाम से कबाड़े का काम करने वाले रफीक नामक व्यक्ति के कारखाने पर पालिश का काम करता था। रफीक ने सोनू को इसी साल 18 जनवरी 2024 को काम पर रखा था, कृष्णा कॉलोनी में अकेला रहने वाला सोनू भोपाल आने से पहले गुजरात में काम करता था। 10 फरवरी से सोनू लगातार दो-तीन दिन तक काम पर दुकान नहीं पहुंचा। तब दुकान मालिक ने अन्य कर्मचारी को सोनू को देखने के लिये उसके घर भेजा।

#### ऐसे पकड़ में आया शातिर आरोपी

अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने घटना स्थल से मिले साक्ष्य, सीसीटीवी कैमरो के फुटेज और अन्य तकनीकी सुरागो के आधार पर मृतक सोनू गुप्ता के साडू भाई आरोपी नवरतन गुप्ता पिता वसावन गुप्ता (42) निवासी ग्राम रामनगर पोस्ट रीठी जिला जौनपुर यूपी, हाल पता घाट कोपर मानखुर्द लिंक रोड मुम्बई को तीन दिन पहले हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पुलिसिया अंदाज में हुई पूछताछ में आरोपी नवरतन ने खुलासा किया की मृतक सोनू की पत्नी चंदा से एक तरफा प्यार होने और साडू से विवाद होने पर उसका गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद वह कमरे में बाहर से ताला लगाकर वापस मुंबई बम्बई गया था। पुलिस ने आरोपी से मोबाइल फोन जप्त करते हुए उसे अदालत में पेश कर आगे की पूछताद के लिये रिमाण्ड पर लिया है।

#### हत्या के बाद फोन किया बंद, लाश के पास फैंका चूड़ी और श्रंगार का सामान

अफसरो ने आगे बताया की आरोपी नवरतन गुप्ता शातिर किस्म का बदमाश है। उसने क्राइम पेट्रोल, भोकाल जैसी बेब सीरीज देख बचने के तरीके सीखे और फिर हत्या की साजिश तैयार की। हत्या की प्लानिंग तैयार करने के बाद आरोपी नवरतन योजना के मुताबिक पहले बम्बई से ट्रेन में बैठकर भोपाल के लिये रवाना हुआ। रास्ते में उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया और भोपाल आने पर एक अनजान व्यक्ति से मदद मांगते हुए उसके फोन से मृतक सोनू गुप्ता को फोन लगाकर उसे लेने के लिये स्टेशन बुलाया। शातिर नवरतन ने सोनू की हत्या से पहले सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिये उसके मोहल्ले के आसपास की गलियो की रैकी भी की थी। इतना ही नहीं उसने हत्या का शक मृतक की प्रेमिका की और मोड़ने और पुलिस को गुमराह करने के लिये एक दुकान से चूडी और श्रंगार का सामान खरीदा था, जिसे सोनू गुप्ता की हत्या के बाद कमरे में ही डालकर गया था। बाद में उसने सोनू के परिजनो और मृतक के दुकान मालिक को भी प्रेमिका द्वारा हत्या किये जाने की मनगढत कहानी बताई थी।

# सायबर ठगी करने वाले गिरोह को क्राइम ब्रांच भोपाल की सायबर टीम ने इंदौर से किया गिरफ्तार

### आरोपी द्वारा पैसे लेकर सायबर ठगों को बेचे लगभग 10-15 बैंक खाते



**भोपाल।** वरिष्ठ अधिकारी पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं पुलिस उपायुक्त (अपराध) श्रीमान अखिल पटेल के द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में एवं अति. पुलिस उपायुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान (अपराध) व सहायक पुलिस आयुक्त सुजीत तिवारी (सायबर) एवं प्रभारी निरीक्षक सुनील मेहर (सायबर) के मार्गदर्शन में सायबर क्राइम ब्रांच जिला भोपाल की टीम द्वारा ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को इंदौर से गिरफ्तार किया ।

आवेदिका द्वारा शिकायत की गई कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट कराने के नाम पर 17,10,917/- रूपये की ऑनलाईन धोखाधडी की गई । शिकायत जांच में अज्ञात आरोपी मोबाईल नम्बर व फ्रॉड बैंक खातों के वास्तविक उपयोगकर्ता के विरूद्ध अपराध क्र. 08/2025 धारा 319(2), 318(4) ब्नह.स्. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण एक वृहत् संगठित अपराध है । अज्ञात आरोपी द्वारा जरिये मोबाईल फोन आवेदिका से सम्पर्क कर ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट कराने के नाम पर कुल 17,10,917/- रूपये रुपये की ऑनलाईन ठगी की गई।

**पुलिस कार्यवाही:** सायबर क्राईम जिला भोपाल की टीम द्वारा अपराध कायमी के पश्चात तकनीकी जानकारी के आधार पर अपराध में प्रयुक्त मोबाईल नम्बर एवं बैंक खाते की तकनीकी जानकारी प्राप्त की गई। प्राप्त तकनीकी जानकारी के आधार पर थाना मल्हारगंज , इंदौर क्षेत्र में दबिश देकर दो आरोपियों 1) मोहम्मद सरफराज पिता मोहम्मद इशाक उम्र 35 साल नि. म.नं.9/1, तबोली बखल थाना मल्हारगंज इंदौर।

# फिर मिली तीन स्कूलों और एक राष्ट्रीय लैब को बम से उड़ाने की धमकी

### तमिल भाषा में भेजा गया मेल, पुलिस, बीडीएस ने की जॉच नहीं मिली संदिग्ध चीज

**भोपाल।** राजधानी में एक बाद फिर तीन स्कूलों और एक राष्ट्रीय लैब बम से उड़ाने की धमकी मिली है। तीनो शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रो में स्थित है। तीनो स्थानो को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सनसनी फैल गई। मेल पर आई धमकियों से सभी जगहों पर हड़कंप मच गया था। पुलिस ने तीनो स्कूलों सहित लैब की सर्चिंग की लेकिर कही भी किसी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली जिसके बाद जांच एजेंसियों और स्कूल प्रबंधन ने राहत की सांस ली। मामले में भोपाल सायबर क्राइम आगे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार कुछ समय पहले की ही तरह इस बार भी बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल तमिल भाषा में लिखा हुआ था। सबसे पहले 10 मार्च की सुबह 10 बजकर 14 मिनिट पर तुलसी नगर स्थित पंचशील नगर के नजदीक सेंट मेरी स्कूल को मेल के जरिए यह धमकी भेजी गई। स्कूल कर्मचारियों ने यह मेल दोपहर करीब डेढ़ बजे देखा। सेंट मेरी स्कूल के अलावा एमपी नगर में स्थित पीएम श्री स्कूल और गांधी नगर के पोद्दार स्कूल को विस्फोट से उड़ाने की धमकी दी गई थी। बम ब्लास्ट की धमकी भरे मेल की सूचना स्कूल पीआरओ जगदीश राजपूत ने फोन पर पुलिस को दी। जब मेल देखा गया उस समय स्कूल में बच्चों की छुट्टी हो चुकी थी। और स्कूल में केवल कर्मचारी ही थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने बम निरोधी दस्ता बुलाया और सभी को बाहर करने के बाद तलाशी अभियान चलाया गया। करीब एक घंटे तक की गई सर्चिंग के दौरान कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। स्कूल की तलाशी के बाद पुलिस ने स्कूल परिसर और उसके आसपास खड़े वाहनों और अन्य निर्माण सामग्री की भी तलाशी ली।

# परीक्षा के बाद दोस्त के साथ घूमने गई छात्रा की सड़क हादसे में मौत

### छात्रा चला रही थी एक्टिवा, बेकाबू होकर डिवाइडर में टकराई, दोस्त घायल



**भोपाल।** बिलखिरिया थाना इलाके में मोंटफोर्ट स्कूल रोड के पास हथाईखेड़ा नए रोड पर दोपहर में हुए सड़क हादसे में 17 साल की स्कूली छात्रा की मौत हो गई। छात्रा परीक्षा देने के बाद अपने दोस्त के साथ घूमने के लिए गई थी। रास्ते में उनकी एक्टिवा अचानक बेकाबू होकर डिवाइडर से भिड़ गई।

घटना में छात्रा का दोस्त घायल है, जिसका उपचार जारी है। बताया गया है, गाड़ी छात्रा चला रही थी, और हादसे के समय वाहन काफी तेज रफ्तार में था। छात्रा के दोस्त ने उसे गाड़ी धीमे और संभलकर चलाने को भी कहा था। थाना पुलिस के अनुसार हथाईखेड़ा रोड निवासी अनुष्का यादव (17) स्कूली छात्रा थी। सोमवार को वह परीक्षा देने गई थी। परीक्षा देने के बाद दोपहर करीब 3 बजे छात्रा और उसका दोस्त रितिक एक्टिवा से घूमने निकल गये थे। मोंटफोर्ट स्कूल रोड पर अचानक एक्टिवा बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। घटना में सड़क पर गिरी छात्रा के सिर में घातक चोट आई थी, वहीं उसका दोस्त भी घायल हुआ था।

आसपास के लोगो की मदद से दोनो को इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया। हॉस्पिटल मे शुरुआती चेकअप के बाद ही डॉक्टरो ने बताया की अनुष्का की मौत हो चुकी है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को घायल रितिक ने बताया कि एक्टिवा अनुष्का ही चला रही थी।

उसने अनुष्का से गाड़ी धीरे और संभलकर चलाने को कहा था, लेकिन वह एक्टिवा काफी तेज स्पीड के साथ ही लहराते हुए चला रही थी। इसी बीच गाड़ी बेकाबू हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंपते हुए आगे की जांच शुरु कर दी है।

# थाना कोहेफिजा पुलिस ने किया नकबजनी के आरोपी को गिरफ्तार

### आरोपी चोरी के वाहन से सुने घरो की रैकी कर देता था नकबजनी की घटनाओ को अंजाम




**भोपाल।** फरियादिया अनुभा आचार्य निवासी इंद्रबिहार कालोनी कोहेफिजा ने थाना आकर अज्ञात आरोपी द्वारा फरियादी के आफिस का ताला तोडकर आफिस मे रखी नगदी तथा अन्य सामान चोरी करके ले जाने कि रिपोर्ट किया जिसपर से थाना कोहेफिजा मे अपराध क्रमाक 135/2025 धारा 331(4),305(a) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया ।

शहर मे घटित हो रही चोरी तथा नकबजनी जैसी गम्भीर घटनाओ पर लगाम लगाने एवं माल मुलजिम की पतारसी हेतु पुलिस आयुक्त महोदय शहर भोपाल द्वारा विशेष दिशा निर्देश दिये गये है जिसके पालन मे क्षेत्र मे घटित हो रही चोरी नकबजनी की घटनाओ पर लगाम लगाने तथा आरोपीयो की गिरफ्तार हेतु पुलिस उपायुक्त महोदय जोन-3 रियाज इकबाल एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 03 श्रीमती शालिनी दीक्षित द्वारा विशेष दिशा निर्देश दिये जाकर ACP महोदय शाहँजानाबाद अनिल वाजपेई के मार्गदर्शन मे अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई जिसमे टीम के द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा मुखबिर सूचना के आधार पर सन्देही चिराग पाठक को टुटे नंबर प्लेट की एक्टीवा गाडी क्रमाक MP04-SS-2294 के साथ गिरफ्तार किया गया पूछताछ पर आरोपी की निशादेही पर इन्द्रविहार कालोनी मे हुई चोरी का मसरूका तथा थाना कोहेफिजा के तीन अलग अलग अपराध मे चोरी गई एक्टीवा गाडिया जप्त की गई है। आरोपी को जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। आरोपी से अन्य चोरियो के सबंध मे पूछताछ की जा रही है।

इसमें थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र मर्सकोले ,उनि बाना सिंह पवार,उनि मल्लू कांवले,प्रआर 997 विनोद सिसोदिया,प्रआऱ 1494 प्रदीप पाण्डेय, प्रआऱ 1185 संदीप बाथम, प्रआऱ 794 शिवप्रसाद, आरक्षक 3255 संतोष कुमार,आर 3839 विजय बहादुर, आर 3687 अलीशान खान, आऱ 1224कमल किशोर, आऱ 4004 संजय मोर्य , आऱ 1789 अनिकेत जैन, आऱ 3012 गजराज यादव,मआर 4580 सोनम,मआऱ 4581 गायत्री की सराहनीय भूमिका रही।

# राजयोगिनी दादी को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

### राजयोगिनी दादी हृदय मोहिनी जी की स्मृति में दिव्यता दिवस पर विश्व शांति के लिए की गई सामूहिक योग साधना



**भोपाल।** नर्मदापुरम रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान, ब्लेसिंग हाउस सेवाकेंद्र में दिव्यता दिवस मनाया गया। दिव्यता दिवस पर सुबह से ही विश्व शांति के लिए की गई सामूहिक योग साधना में भारी संख्या में ब्रह्मा वत्सों का आगमन हुआ।

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी हृदय मोहिनी जी की चतुर्थ अव्यक्त पुण्य स्मृति पर भारी संख्या में उपस्थित ब्रह्मा वत्सों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लेसिंग हाउस सेवाकेंद्र की निर्देशिका बी.के. डॉ. रीना दीदी ने राजयोगिनी दादी हृदय मोहिनी जी के दिव्य जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा की दादी जी इस जगत की दादी मां थी। दादी जी परमात्मा के दिव्य गुणों से सुसज्जित साक्षात दिव्यमूर्ति थीं। हम सभी आज यह संकल्प लें कि जिस प्रकार से दादी जी ने परमात्मा शिव की बताई हुई श्रीमत पर चलकर अपना इतना सुंदर दिव्य व्यक्तित्व बनाया है, हम सब ब्रह्मावत्स दादी जी के कदमों पर चलकर उनके जैसा बन करके दिखाएंगे।

दादी जी सदैव अचल अडोल रहे, क्योंकि दादी जी का यह पाठ पक्का था कि करनकरावन हार करा रहा है, जीवन के हर दृश्य को दादी जी ने एक समस्या की बजाय एक परीक्षा के रूप में लिया और हर परिस्थिति को कल्याण के रूप में देखा। दादी जी इस जगत के लिए एक उदाहरणमूर्त है।

दादीजी कहती थीं कि परेशान होने के पांच शब्द हैं - पहला है क्यों, क्यों कहा और व्यर्थ संकल्पों की क्यू चालू हो जाती है, इसने ये कहा, उसने ये कहा और मन में व्यर्थ संकल्प चालू हो जाते हैं।

# अमेरिका के शेयर बाजार में हड़कंप, 16 साल बाद अमेरिका से सस्ता भारतीय बाजार

दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी का तूफान शुरू हो गया है। आने वाले कुछ ही महीनों में यह तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट का दौर शुरू हो गया है। नैस्डेक कंपोजिट 4.25 फ़ीसदी, डाउ जॉन्स 1.83 फ़ीसदी, एसडीपी 500 2.75 फ़ीसदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। टेस्ला के शेयर 13.75 फ़ीसदी गिर गए हैं। एनवीडीया के 5.5 फ़ीसदी, एप्पल के 5.78 फ़ीसदी, गूगल के 5.18 फ़ीसदी, मेटा के 5.58 फ़ीसदी तथा गोल्डमैन सैश के 5.97 फ़ीसदी गिरावट के साथ शेयर बाजार में कारोबार हुआ है। अमेरिका के लिस्टेड शेयरों में काफी बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हतप्रभ हैं। उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है, शेयर बाजार की इस गिरावट को लेकर वह क्या बोलें। इसी तरह से भारतीय शेयर बाजार में पिछले 6 माह से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। भारतीय शेयर बाजार 19 साल बाद अमेरिकी शेयर बाजार से सस्ते हो गए हैं। 2009 के वैल्यूएशन के अनुसार पहली बार डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल का एवरेज भारतीय शेयर बाजार पिछले 1 साल में 21.8 गुना कारोबार कर रहा है। जबकि डाउ जॉन्स 22.4 गुना कारोबार कर रहा है। भारतीय शेयर बाजार को थामने के लिए सरकार और वित्तीय संस्थाओं द्वारा पिछले कुछ समय पहले जो प्रयास किए गए थे। वह सब शेयर बाजार की गिरावट मे पूंजी डालने के कारण जिस तरह कीचड़ में पानी डालने से कीचड़ बढ़ता है। शेयर बाजार में पूंजी डालने के कारण जो पैसा शेयर बाजार में डाला गया, वह भी बिकवाली के कारण बाजार से निकल गया। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार बिकवाली कर रहे हैं। अक्टूबर 2024 के बाद से विदेशी निवेशकों ने भारत में फाइनेंशियल सर्विसेज, आयल ऐंड गैस, ऑटोमोबाइल, एमएफजी, कंज्यूमर सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और पावर सेक्टर में लगातार बिकवाली की है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर 2024 के बाद से अभी तक 2 लाख करोड़ से ज्यादा की बिकवाली की है। भारतीय शेयर बाजार में लार्ज मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों की बड़े पैमाने पर बिकवाली शुरू हो गई है। देसी निवेशक भी शेयर बाजार से भयभीत हैं। वह भी अपने शेयर बेचकर बाहर निकलना चाहते हैं। स्मॉल कैप और मिड कैप के शेयर अपनी फेस वैल्यू पर पहुंच रहे हैं। जिसके कारण देसी निवेशकों का हौसला पूरी तरह से टूट गया है। अमेरिका से शुरू हुए टैरिफ बार ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को तहश-नहश करने का काम किया है। आर्थिक मंदी के इस दौर में अमेरिका ने जो टैरिफ़ बार शुरू किया है, उसका खामियाजा अब अमेरिका को भी भुगतना पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार एलन मस्क को ऐसा खामियाजा भुगतना पड़ेगा, इसका एहसास तो उन्हें भी नहीं रहा होगा। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार सारी दुनिया के देश इस समय कर्ज की समस्या से जूझ रहे हैं। कर्ज के कारण दुनिया भर के आम आदमी से लेकर दुनिया की सभी सरकारें कर्ज और ब्याज से परेशान हैं। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया की तर्ज पर, पिछले 30 सालों से कर्जा लेकर घी पीने की पूंजीवादी अर्थव्यवस्था समाप्त होने की कगार पर है। दुनिया के देशों में महंगाई-बेरोजगारी की समस्या दिनों-दिन बढ़ती ही चली जा रही है। जिसके कारण सरकारों के खिलाफ आम जनता नाराज होकर सड़कों पर आने लगी है। निम्न एवं मध्यम वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसा नहीं है, जिसके कारण औद्योगिक उत्पादन भी घटता चला जा रहा है। दुनिया भर की सरकारों ने पिछले 30 सालों में बहुत टैक्स बढ़ाया है। पिछले 30 वर्षों में सरकारों ने अपने खर्च भी बढ़ाए थे। अब कर्ज नहीं मिल रहा है। ब्याज के बोझ से दबकर खर्च करने लायक पैसे भी नहीं बचे हैं। अमेरिकी सरकार को भी अपने कर्ज और खर्च घटाने के लिए जो प्रयास करने पड़ रहे हैं, इसका असर अमेरिका पर पड़ रहा है। इसकी शुरुआत में ही बड़ा खामियाजा अमेरिका को भुगतना पड़ रहा है। आसानी से समझा जा सकता है, कि आने वाले कुछ महीनो के अंदर ही पूरी दुनिया के देश, आर्थिक मंदी के शिकार होने जा रहे हैं। वैश्विक व्यापार संधि के कारण पिछले 30 वर्षों में सारी दुनिया के देशों में अर्थ व्यवस्था, पूंजीपतियों के हाथों में पहुंच गई थी। सारी दुनिया के देशों में कुछ ही लोगों के पास पूंजी एकत्रित होकर रह गई है। मध्यम और निम्न वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। भारत जैसे देश में आर्थिक मंदी के कारण भारतीय बैंकों तथा भारतीय जीवन निगम जैसी संस्थाओं के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। ऐसी स्थिति में एक बार फिर समाजवादी व्यवस्था की ओर सारी दुनिया के देशों को ध्यान केंद्रित करना होगा।

## कॉमेडके/यूनिगेज यूजीईटी की प्रवेश परीक्षा में 1.2 लाख से अधिक छात्रों के शामिल होने की उम्मीद

पिछले पांच दशकों में, कर्नाटक ने हायर एजुकेशन में अपने आप को हमेशा आगे रखा है, जिसने देश के सभी कोनों से बड़े बड़े सपने देखने वाले इंजीनियरों को आकर्षित किया है। राज्य में कई अच्छे कॉलेज हैं, जहां अलग-अलग तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। यहां के छात्रों को अच्छी नौकरियां भी मिलती हैं। इस स्ट्रोंग एजुकेशन सिस्टम की वजह से स्किल्ड लोग तैयार हो रहे हैं, जो देश और विदेश में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। कॉमेडके यूजीइटी / यूनिगेज 2025 प्रवेश परीक्षा शनिवार, 10 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कर्नाटक के 150 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेजों और देशभर के 50 से ज्यादा प्राइवेट और सेल्फ-फंडेड यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए होती है। इसे कुपेका और यूनिगेज से जुड़े संस्थानों में बी.ई/बी.टेक में एडमिशन के लिए आयोजित किया जाता है। यह ऑनलाइन परीक्षा भारत के 200 से ज्यादा शहरों में 400 से अधिक सेंटर पर होगी। इसमें 1,20,000 से ज्यादा छात्र शामिल हो सकते हैं। देशभर के छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। 2022 में, कॉमेडके ने छात्रों की स्किल्स को सुधारने के लिए कई कोर्स प्रदान करके छात्रों को वर्कफोर्स के लिए तैयार करने के लिए 8 कॉमेडके केर्स इनोवेशन हब पेश किए। कॉमेडके के अब कर्नाटक में 10 इनोवेशन हब हैं, जिनमें से 4 बेंगलुरु में और बाकी मैसूरु, कलबुर्गी, मैंगलोर, बेलगाम, तुमकुरु और हुबली में हैं। ये सेंटर 5,000 स्क्वायर फुट में फैले हैं और लकड़ी के रूटिंग, रैपिड प्रोटोटाइप, लेजर कटिंग, 3 डी प्रिंटर, एआर/वीआर टेकनीक आदि सहित मॉडर्न टूल्स से लैस हैं।

## नियमित सोने के रूटीन न होने के कारण नींद से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है

वर्ल्ड स्लीप डे से पहले, यूगोव और अमेजन एलेक्सा ने भारतीय लोगों के सोने के रूटीन को समझने के लिए लगभग 10 शहरों में एक सर्वे किया। इस सर्वे के अनुसार, 53प्रतिशत लोग नियमित सोने के रूटीन न अपनाने पर नींद से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करते हैं। ज़्यादातर वयस्क लोग सक्रिय रूप से समय पर सोने के रूटीन का पालन करते हैं। लगभग 54 प्रतिशत लोगों ने नियमित सोने के रूटीन को अपनाने पर नींद में स्पष्ट सुधार देखा है। 52 प्रतिशत सर्वे में शामिल लोग नियमित सोने का समय और सोने से पहले की आदतों का पालन करते हैं। 86 प्रतिशत सर्वे में शामिल लोग रोज़ाना रात 8 बजे के बाद अपने सोने का रूटीन शुरू करते हैं, जिसमें से 53प्रतिशत लोग रात 10.30 बजे के बाद इसे शुरू करना पसंद करते हैं। सोने से पहले की सबसे आम गतिविधियों में वीडियो कंटेंट देखना (63प्रतिशत), परिवार और दोस्तों से जुड़ना (59 प्रतिशत), पॉडकास्ट, संगीत या ऑडियोबुक सुनना (58प्रतिशत) और सोशल मीडिया ऐप्स स्क्रॉल करना (57 प्रतिशत) शामिल हैं। इन गतिविधियों का पालन करने में ज़्यादातर वे घर हैं जहां केवल पति- पत्नी रहते हैं। हर दो में से एक व्यक्ति सोने के रूटीन को सेट करने के लिए वॉयस असिस्टेंट का इस्तेमाल करता है। 35 से 45 वर्ष के लोग 25 से 34 वर्ष के लोगों की तुलना में वॉयस असिस्टेंट का ज़्यादा इस्लेमाल करते हैं।

## मिनिमली इनवेसिव हार्ट सर्जरी स्वस्थ भविष्य की बेहतर उम्मीद

हार्ट सर्जरी में एक नई सफलता मरीजों के लिए उम्मीद लेकर आई है, जिससे उनकी रिकवरी का समय कम हो रहा है और वे जल्दी स्वस्थ हो सकते हैं। मिनिमली इनवेसिव कार्डिएक सर्जरी हृदय रोगों के इलाज का तरीका बदल रही है, जिससे गंभीर रूप से बीमार मरीज भी जल्दी ठीक हो सकते हैं। मिनिमली इनवेसिव कार्डिएक सर्जरी एक आधुनिक तकनीक है, जिसमें सर्जन छोटे चीरे के माध्यम से हृदय की सर्जरी करते हैं, बिना स्तन की हड्डी (ब्रेस्टबोन) को काटे। यह तरीका दर्द को काफी कम करता है, संक्रमण के खतरे को घटाता है और अस्पताल में भर्ती रहने के समय को कम कर देता है। मरीजों को तेजी से रिकवरी, कम निशान और सामान्य जीवन में जल्दी रिकवरी का लाभ मिलता है।

# बुरा न मानो होली है गलत, बुरा मानो होली है सही

**राजीव खंडेलवाल**



बसंत ऋतु में होलाष्टक के प्रारंभ होते ही होली का त्यौहार प्रारंभ हो जाता है, जो ठंडाई पीकर, पिलाकर परस्पर व सामूहिक रूप से खुशियां बांट कर पीढ़ियों से मनाया जाता रहा है। जिस प्रकार मनुष्य जीवन में यौवन आता है, उसी प्रकार बसंत इस प्रकृति का यौवन है। आश्चर्य की बात तो यह है कि यह 'होलाष्टक दो विपरीत भावनाओं से युक्त है। एक तरफ यह बसंत ऋतु के प्रारंभ होने के कारण फसलों के आने की खुशी देता है, तो दूसरी ओर इन आठ दिनों में विवाह, गृह प्रवेश इत्यादि कोई शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। होलिका दहन भी होलाष्टक की समाप्ति के बाद होती है। ऋतुराज कुसुमाकर के इसी प्रतीक उत्सव का नाम है होली। जब से हमने आपने होश संभाला है, तब से हुलियारों से लेकर होली के रंग में शामिल होने वाले व 'रंग में भंग करने वाले लोग भी यह कहकर कि भाई बुरा मत मानो यह होली है, रंग-बिरंगे रंग, गुलाल एक दूसरे पर डालते, लगाते हैं। होली का यह तकिया कलाम है।

**आज देश का प्राय: हर त्यौहार हिंदू-मुस्लिम राजनीति के भेंट क्यों चढ़ रहा है?**

परन्तु आज देश को क्या हो गया है? देश में इस वर्ष 2025 में ही पहली बार होली नहीं मनाई जा रही है? न ही मोदी सरकार के 11 सालों और योगी सरकार के 8 वर्षों में पहली बार होली मनाई जा रही है? तब फिर इस बार होली को लेकर हिंदू-मुस्लिम के बीच उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार (यही दो राज्य बड़े हैं, जहां मुसलमानों की बड़ी संख्या है) इतना तनाव व परस्पर अविश्वास क्यों? भरे पेट मल्हार गाने वाले इन पुलिस अधिकारी से लेकर राजनेता, विधायक, सांसद तक को यह बयान क्यों देना पड़ रहा है कि मुस्लिम लोग अपनी रक्षा स्वयं करें, होली में बाहर न निकले। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में होली मनाने से रोकने पर या मारपीट करने का प्रयास करने पर सांसद सतीश गौतम ऊपर पहुंचा दिया जाएगा कथन करते हैं। चूंकि बयान कर्ता सहित ऊपर सभी को जाना है, शायद इसलिए वे भगवत कार्यो में अपना हाथ भी बांटना चाहते हैं? पिछले वर्षों में इस तरह की बयान बाजी की आवश्यकता क्यों नहीं पड़ी? क्या संभल में कुछ समय पूर्व हुए सांप्रदायिक दंगों के कारण बना हुआ तनाव का परिणाम ऐसे बयान है? तो फिर क्या ऐसे बयान तनाव को कम करेंगे या बढ़ाएंगे? इस समय देश में जितनी धार्मिक असहिष्णुता देखी जा रही है, जो शायद पहले कभी इतनी नीचे स्तर की नहीं थी। यह हमारे 'सर्व-धर्म, सर्वभाव की सदभावना और सांप्रदायिक सौहार्द की पहचान के विपरीत है। मानो सांप्रदायिकता का वेताल किसी न किसी की पीठ पर सवार होने को आतुर हो।

**भाईचारे का त्यौहार-होली ईद**

हिंदुओं का होली त्यौहार एक ऐसा भाईचारे का त्यौहार है, जहां गहरी से गहरी व पुरानी से पुरानी दुश्मनी को विभिा रंगों में डुबोकर, दुश्मनी को भदरंग कर, गले मिलकर, शिकवे शिकायतें को खत्म कर दिया जाता है। यही हमारी होली की भव्य सांस्कृतिक परंपरा है। इसी प्रकार मुसलमानों के ईद त्यौहार की भावना ईद मिलन नाम से ही स्पष्ट हो जाती है। परंतु आज देश की राजनीति वोट की राजनीति पर परवान चढ़कर इतनी बलशाही हो गई है कि इसमें भी हिंदू-मुस्लिम एंगल देखा, निकाला जा रहा है। कदापि इसका समर्थन नहीं किया जा सकता। नाजायज बात का हुंकारा भी गुनाह है।

**सौहार्द को खत्म करने वाली अनावश्यक बयान बाजी**

यह पहली बार नहीं है कि होली और रमजान का जुम्मा एक ही दिन पड़ रहे हैं। इसे लेकर सबसे पहले उत्तर प्रदेश के संभल के पुलिस विभाग के सीओ अनुज कुमार चौधरी ने अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर सर्विस नियमों को तोड़कर यह हिदायती अथवा चेतावनी युक्त सार्वजनिक बयान दिया कि होली साल में एक बार आती है, जबकि जुम्मा 52 बार। इसलिए यदि रंग से मुसलमानों को परहेज है, तो वे घर के बाहर न निकले। प्रश्न यहां पर लहजे का भी है कड़वी बात भी यदि सौम्यता से कही जाये तो कड़वी नहीं लगती। लेकिन यहां तो लहजा ही धमकाने वाला है। आश्चर्य की बात तो यह है की होली के रंगों की बिक्री में मुसलमान आगे रहते हैं। तब खरीदने और बेचने वालों को हिंदू मुस्लिम नहीं दिखता है? फिर होली को लेकर दोनों समाज के बीच में दूरी क्यों होनी, पैदा करनी चाहिए? करि कुचाल अंतहिं पछितानी। यहां काजी का प्यादा ही घोड़े पर सवार नहीं है बल्कि पुलिस अधिकारी के उक्त बयान को बिहार बीजेपी विधायक हरीभूषण ठाकुर ने दोहराया। कालस्य कुटिला गतिरू! प्रश्न यह है कि उक्त बयान एक सावधानी, चेतावनी, सलाह, नसीहत, हिदायत, या धमकी है? इसे पहले आपको समझना होगा। होली के रंग में राजनीतिक रंग डालते हुए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव कह जाते हैं कि जेडीयू पर बीजेपी का रंग चढ़ गया है। विपरीत इसके उत्तर प्रदेश के मंत्री संजय निषाद एक कदम आगे बढ़ कह देते हैं कि रंग से जिनको भी दिक्कत हो उन्हें देश छोड़कर चले जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रघुनाथ सिंह कहते हैं, रंगों से बचने के लिए तिरपाल का हिजाब पहन लें, जैसे मुस्लिम महिलाएं पहनती हैं। इसी संदर्भ को आगे बढ़ाते हुए बलिया से भाजपा विधायक केतरी सिंह कहती हैं कि होली, रामनवमी, दुर्गा पूजा में मुसलमानों को दिक्कत होने के कारण मुसलमानों के इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में एक एक अलग विंग बनवा लेना चाहिए। वैसे पाठक जरूर यह तंज कर सकते हैं कि होली के खुशनुमा माहौल में आप इन कथनों के शाब्दिक अर्थ न लेकर इन्हें होली के रंग में डूबे गए माहौल में कहे गए कथन ही मानें। इन कथनों को लेकर कदापि गंभीर न हो।

**धार्मिक या अन्यत्र कार्यक्रम में भागीदारी के लिए सहमति आवश्यक**

कोई भी कार्यक्रम चाहे वह धार्मिक, सामाजिक, खेल, नृत्य-नाट्य यह अन्य कोई हो, सामूहिक रूप से उसमें किसी भी व्यक्ति की भागीदारी तभी होती है, जब उस व्यक्ति ने उस कार्यक्रम में भागीदारी के लिए सहमति दी हो। किसी भी व्यक्ति की बिना सहमति के उसे जबरदस्ती न तो किसी कार्यक्रम में शामिल किया जा सकता है न ही उसके साथ खेला (रंग) जा सकता है। स्पष्ट है किसी भी अनिच्छु, असहमत व्यक्ति के साथ होली नहीं खेली जा सकती है। यदि कोई व्यक्ति किसी भी व्यक्ति (यहां धर्म, जाति आड़े नहीं आती है) के साथ जबरदस्ती होली खेलने का प्रयास करता है, तो यह पुलिस प्रशासन का दायित्व है कि इस तरह की जबरदस्ती को रोके न कि नागरिकों को स्वयं की सुरक्षा के लिए घर के अंदर नजर बंद रहने की सलाह दे, जिस प्रकार मुस्लिम महिलाएं सुरक्षा की दृष्टि से पर्दे में रहती है। बहुत से हिंदू लोग होली नहीं खेलते हैं, जिनके अपने-अपने कारण हो सकते हैं।

**(लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व बैतूल सुधार न्यास अध्यक्ष हैं)**

# मृत्यु अनसुलझे रहस्यों में से एक

**जीवन की कार्यप्रणाली के बारे में विज्ञान ने जो कुछ भी सीखा है, उसके बावजूद मृत्यु अब भी अनसुलझे रहस्यों में से एक है। दार्शनिक विलियम जेम्स ने 1909 में लिखा था, कभी-कभी मैं यह मानने के लिए ललचाता हूँ कि सृष्टिकर्ता ने प्रकृति के इस विभाग को हमेशा भ्रमित बनाये रखने का इरादा किया है, ताकि हमारी जिज्ञासा और आशाओं और संदेहों को समान रूप से उत्तेजित किया जा सके।**

बोर्जिगिन ने 2015 में जो प्रश्न पहली बार पूछा था - कि मृत्यु के समय मस्तिष्क में क्या होता है - वह एक चौथाई सहस्राब्दी पहले का है। सन् 1740 के आसपास, एक फ्रांसीसी सैन्य चिकित्सक ने एक प्रसिद्ध औषधि विक्रेता के मामले की समीक्षा की, जो बुरी बुखार और बहुत अधिक रक्तस्राव के कारण बेहोश हो गया था और उसे लगा कि वह धन्य लोगों के राज्य में चला गया है। डॉक्टर ने अनुमान लगाया कि फार्मासिस्ट की यह दुर्घटना मस्तिष्क में रक्तस्राव के कारण हुई थी। लेकिन उस प्रारंभिक रिपोर्ट से लेकर 20वीं सदी के मध्य तक, निकट-मृत्यु अनुभवों में वैज्ञानिक रुचि कम नहीं हुई थी।1892 में, स्विस पर्वतारोही और भूविज्ञानी अल्बर्ट हेम ने 30 अन्य पर्वतारोहियों के निकट-मृत्यु अनुभवों का पहला व्यवस्थित विवरण एकत्र किया, जो लगभग मरणासन्न स्थिति में पहुंच गये थे।

हेम लिखते हैं कि कई मामलों में, पर्वतारोहियों को अचानक ही सब कुछ याद आ जाता है जो बीत चुका है, उन्हें सुन्दर संगीत सुनाई देता है, और वे गुलाबी बादलों वाले नीले आकाश में गिर जाते हैं। इसके बाद चेतना बिना किसी दर्द के समाप्त हो जाती थी, आमतौर पर प्रभाव के क्षण में। 20वीं सदी के आरंभ में अनुसंधान के कुछ अन्य प्रयास भी हुए, लेकिन निकट-मृत्यु अनुभव को वैज्ञानिक तरीके से समझने में बहुत कम प्रगति हुई। फिर, 1975 में अमेरिकी मेडिकल छात्र रेमंड मूडी ने लाइफ आफ्टर लाइफ नामक पुस्तक प्रकाशित की। 1976 में, न्यूयॉर्क टाइम्स ने मृत्यु के बाद जीवन और थानाटोलॉजी के उभरते क्षेत्र में बढ़ती वैज्ञानिक रुचि पर रिपोर्ट दी। अगले वर्ष, मूडी और कुछ अन्य थेनेटोलॉजिस्टों ने मिलकर इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर नियर-डेथ स्टडीज की स्थापना की। 1981 में, उन्होंने वाइटल साइन्स नामक एक सामान्य पाठकों की पत्रिका का पहला अंक प्रकाशित किया, जो मुख्यत: निकट-मृत्यु अनुभवों पर केन्द्रित थी। अगले वर्ष उन्होंने इस क्षेत्र की पहली समकक्ष-समीक्षित पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया, जो जर्नल ऑफ नियर-डेथ स्टडीज बन गयी। यह क्षेत्र बढ़ रहा था, तथा वैज्ञानिक सम्मान की स्थिति प्राप्त कर रहा था। 1988 में इसके विकास की समीक्षा करते हुए, ब्रिटिश जर्नल ऑफ साइकियाट्री ने इस क्षेत्र की जीवंतता को व्यक्त किया-बड़ी आशा व्यक्त की गई है कि, एन.डी.ई. अनुसंधान के माध्यम से, मानव मृत्यु दर के स्थायी रहस्य और इसके अंतिम महत्व के बारे में नई अंतर्दृष्टि प्राप्त की जा सकती है, और पहली बार, मृत्यु की प्रकृति के बारे में ठोस अंतर्दृष्टि प्राप्त की जा सकती है।लेकिन लगभग मारे गए लोग पहले ही कई विचारधाराओं में बंट चुके थे, जिनके मतभेद आज भी जारी हैं। एक अन्य प्रभावशाली समूह अध्यात्मवादियों से बना था, जिनमें से कुछ इंजील ईसाई थे, जो इस बात पर आश्वस्त थे कि मृत्यु के निकट के अनुभव, मृतकों और ईश्वर के दायरे में वास्तविक यात्राएं थीं। शोधकर्ताओं के रूप में, माध्यमों का लक्ष्य निकट-मृत्यु अनुभवों के बारे में यथासंभव अधिक से अधिक रिपोर्ट एकत्र करना, तथा जनता को मृत्यु के बाद के जीवन की वास्तविकता से परिचित कराना था। मूडी उनके सबसे महत्वपूर्ण प्रवक्ता थे; अंतत: उन्होंने दावा किया कि उनके कई पूर्वजन्म हो चुके हैं और उन्होंने ग्रामीण अलबामा में एक साइकोमैनटेम का निर्माण किया, जहां लोग प्रकाशित दर्पण में देखकर मृतकों की आत्माओं को बुलाने का प्रयास कर सकते थे।शोधकर्ताओं का दूसरा और सबसे बड़ा समूह, जो लगभग मर ही गया था, परामनोवैज्ञानिकों का था, जिनकी रुचि ऐसी घटनाओं में थी जो इस वैज्ञानिक सिद्धांत को कमजोर करती प्रतीत होती थी कि मस्तिष्क के बिना मन का अस्तित्व नहीं हो सकता। ये शोधकर्ता, जिनमें से कई अच्छी तरह से स्थापित अनुसंधान विधियों का पालन करने वाले प्रशिक्षित वैज्ञानिक थे, अक्सर यह मानते थे कि मृत्यु के निकट के अनुभव इस बात का प्रमाण प्रदान करते हैं कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी चेतना जारी रह सकती है। उनमें से अधिकांश डॉक्टर और मनोचिकित्सक थे, जो यह समाचार सुनकर बहुत आहत हुए कि जिन मरीजों का वे आईसीयू में इलाज कर रहे थे, वे मृत्यु के करीब थे। उनका लक्ष्य चेतना के अपने सिद्धांतों का परीक्षण करने के तरीके खोजना तथा निकट-मृत्यु संबंधी अध्ययनों को एक वैध वैज्ञानिक प्रयास में बदलना था।अंतत:, लगभग मृत शोधकर्ताओं का एक छोटा समूह उभरा, जिन्हें भौतिकवादी कहा जा सकता है।

# गोविंद सिंह जी औरंगजेब की क्रूर नीतियों से नहीं डरे

**औरंगजेब भारत में सबसे क्रूर और अपराध करने शासक था और तब गुरू जी के सारे परिवार के शहीद होने की कहानी बताती है वह धर्मान्तरण कराने में निपुण था उसने क्रूरता की सीमा जब लांघी गुरू गोविन्द सिंह जी ने औरंगजेब की क्रूर नीतियों से धर्म की रक्षा के लिए सिखों को संगठित किया और सिख कानून को सूत्रबद्ध किया। इन्होंने कई काव्य की रचना की। इनकी मृत्यु के बाद इन काव्यों को एक ग्रंथ के रूप में संग्रहित किया जो दसम ग्रंथ के नाम से जाना जाता है।**



सिखों के लिए यह पवित्र ग्रंथ गुरू गोविंद सिंह जी का हुक्म माना जाता है। गुरु गोविंद सिंह की ओर से खालसा पंथ की स्थापना से औरंगजेब नाराज हो गया था। उन्होंने पंजाब के सूबेदार वजीर खां को आदेश दिया कि सिखों को मारकर गोविन्द सिंह को कैद कर लो। गोविंद सिंह ने अपने मुट्ठी भर सिख जांबाजों के साथ मुगल सेना से डटकर मुकाबला किया और मुगलों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। गोविंद सिंह ने औरंगजेब की इस कार्रवाई पर ही कहा था चिड़िया संग बाज लड़ाऊं, तहां गोविंद सिंह नाम कहाऊं। गोविंद सिंह ने मुगलों की सेना को चिड़िया कहा और सिखों को बाज के रूप में संबोधित किया। इस बात को सुनकर औरंगजेब आग-बबूला हो गया था।गुरु गोविंद सिंह जी वीरता और साहस के प्रतिमूर्ति थे। औरंगजेब ने जब उनके पिता तेगबहादुर की हत्या कर दी तो वे नौ वर्ष की आयु में ही गोविंद सिंह जी को गुरु की गद्दी पर बैठ गए। बचपन में इन्हें सभी प्यार से बाल प्रीतम के नाम से पुकारा करते थे, लेकिन इनके मामा इन्हें गोविंद की कृपा से प्राप्त मानकर गोविंद नाम से पुकारते थे। यही नाम बाद में विख्यात हुआ और बाला प्रीतम गुरु गोविंद सिंह कहलाये। गुरु पद की गरिमा बनाए रखने के लिए गोविंद सिंह जी ने युद्ध कला में प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ ही अनेक भाषाओं की भी शिक्षा प्राप्त की। कुशाग्र बुद्धि और लगन से गोविंद सिंह जी ने कम समय में ही युद्ध कला में महारथ हासिल कर ली और उच्च कोटि के विद्वान बन गये। इन्होंने संस्कृत, पारसी, अरबी और अपनी मातृभाषा पंजाबी को ज्ञान प्राप्त किया। वेद, पुराण, उपनिषद् एवं कुराण का भी इन्होंने अध्ययन किया।वज़ीर ख़ाँ ने गुरु गोबिंद सिंह के दोनों बेटों से कहा कि अगर वो इस्लाम धर्म क़बूल कर लें तो उनकी जान बख्शी जा सकती है. उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया. तब वज़ीर ख़ाँ ने उन्हें ज़िंदा दीवार में चिनवा देने का आदेश दिया. तब उनकी उम्र आठ साल और छह साल थी। जब उनका सिर और कंधा चिनने से रह गया तब उनसे एक बार फिर धर्म बदलने के बारे में पूछा गया. इस बार भी इनकार करने के बाद उन्हें दीवार से निकाल कर वज़ीर ख़ाँ के सामने पेश किया गया। वज़ीर ख़ाँ ने उन्हें तलवार से मारे जाने का आदेश दे दिया. उनकी मौत की खबर सुनते ही साहबज़ादों की दादी माता गुजरी ने सदमे से दम तोड़ दिया औरंगजेब के क्रोध को शांत करने के लिए मुगलों के सेनापति पाइंदा खां ने कहा कि मैं गोविन्द सिंह से अकेला लड़ूंगा। हमारी हार जीत से ही फैसला माना जाये। पाइंदा खां का निशान अचूक था इसलिए औरंगजेब इस बात पर राजी हो गया। सिखों और मुगलों की सेना आमने-समाने डट गई। गुरु गोविन्द सिंह ने पाइंदा खां से कहा कि चूंकि चुनौती तुम्हारी ओर से है, इसलिए पहला वार तुम करो। पाइंदा खां ने कहा, ठीक है। तुमने मौत को न्योता दिया है। मेरा पहला वार ही आखिरी वार होगा। फिर उसने धनुष पर बाण चढ़ाकर छोड़ा।

# महिला पुरस्कारों की गरिमा और निष्पक्षता पर उठते प्रश्न

**हमारे तेज़ी से बदलते सामाजिक और राजनीतिक माहौल में, महिला पुरस्कारों का महत्व और आवश्यकता जांच के दायरे में आ रही है। हाल ही हरियाणा में महिला दिवस पर विवादित महिला का मुख्यमंत्री से सम्मान मामले ने गहरे प्रश्न सबके सामने रख दिए है। आज के सांस्कृतिक परिवेश में, जहाँ प्रतिनिधित्व को अक्सर प्राथमिकता दी जाती है, कुछ पुरस्कारों ने सच्ची उपलब्धियों से ध्यान हटाकर केवल दिखावे पर ध्यान केंद्रित किया है।**

**प्रियंका सौरभ**

महिला पुरस्कारों को पुराने प्रतीक या दिखावटीपन के उपकरण नहीं बनने चाहिए। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की विशिष्ट चुनौतियों और सफलताओं पर प्रकाश डालना जारी रखना चाहिए। महिलाओं के पुरस्कारों के लिए, संस्थानों को इन विशिष्ट सम्मानों की प्रतिष्ठा बढ़ाने का लक्ष्य रखना चाहिए। महिलाओं की उपलब्धियाँ समर्पित स्वीकृति की हकदार हैं-एक बाद की सोच के रूप में नहीं, बल्कि उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए एक उचित श्रद्धांजलि के रूप में। हाल ही हरियाणा में महिला दिवस पर विवादित महिला का मुख्यमंत्री से सम्मान मामले ने गहरे प्रश्न सबके सामने रख दिए है। कई वर्षों से, महिला पुरस्कार मान्यता के चमकदार प्रतीक के रूप में खड़े हैं, जो उन क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को उजागर करते हैं जहाँ उन्हें अक्सर दरकिनार कर दिया जाता है। ये सम्मान सिर्फ़ समावेशन के लिए एक प्रेरणा से कहीं ज़्यादा है; इनका उद्देश्य ऐसे समाज में उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करना है जो अक्सर महिलाओं के योगदान को अनदेखा करता था। हालाँकि, राजनीतिक प्रभावों और बदलते सांस्कृतिक दृष्टिकोणों से चुनौती के कारण इन पुरस्कारों की अखंडता अब जोखिम में है। महिला पुरस्कारों का भविष्य समाज की निष्पक्षता, मान्यता और समावेशिता के बीच संतुलन खोजने की क्षमता पर निर्भर करता है। ऐसे में ये महत्त्वपूर्ण है कि हम आगे चलकर महिला उपलब्धियों का सम्मान कैसे करते हैं। महिला पुरस्कारों ने ऐतिहासिक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में महिला उपलब्धियों को स्वीकार करने और सम्मानित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे साहित्य, विज्ञान, खेल या फ़िल्म हो, इन पुरस्कारों ने उन क्षेत्रों में आवश्यक मान्यता प्रदान की है जहाँ महिलाओं को अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हालाँकि, हमारे तेज़ी से बदलते सामाजिक और राजनीतिक माहौल में, इन पुरस्कारों का महत्त्व और आवश्यकता जांच के दायरे में आ रही है। अतीत में, महिला पुरस्कार उन क्षेत्रों में उत्कृष्टता की कड़ी मेहनत से स्वीकारोक्ति का प्रतिनिधित्व करते थे, जहाँ अक्सर महिला प्रतिभा को अनदेखा किया जाता था। वे सिर्फ़ समावेश के प्रतीक नहीं थे, बल्कि लचीलेपन, दृढ़ संकल्प और अग्रणी सफलता के प्रतीक थे। हालाँकि, आज, इन पुरस्कारों की अखंडता खोने का जोखिम है-महिलाओं की उपलब्धियों में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि इसलिए कि उनकी मान्यता का मूल अर्थ धुंधला, राजनीतिकरण या पूरी तरह से खारिज हो रहा है। ऐसे समय में जब समावेशिता को अपनाने का दावा किया जाता है, महिला पुरस्कारों का अनूठा उद्देश्य उल्टा जोखिम में है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि समानता के उद्देश्य वाले समाज में लिंग-विशिष्ट पुरस्कार अब मौजूद नहीं होने चाहिए। लेकिन क्या सच्ची समानता उन मंचों को ख़त्म करने से आती है जो कभी महिलाओं की आवाज़ को बुलंद करते थे? समान अवसर बनाने के बजाय, हम एक चिंताजनक प्रवृत्ति देख रहे हैं-महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के लिए डिज़ाइन किए गए पुरस्कारों का मिश्रण, पुनर्उद्देश्य या पूर्ण रूप से हटाना। आज के सांस्कृतिक परिवेश में, जहाँ प्रतिनिधित्व को अक्सर प्राथमिकता दी जाती है, कुछ पुरस्कारों ने सच्ची उपलब्धियों से ध्यान हटाकर केवल दिखावे पर ध्यान केंद्रित किया है। वास्तविक योग्यता का जश्न मनाने के बजाय, चयन समितियाँ राजनीतिक शुद्धता के साथ संरेखित विकल्प चुनने के लिए बाध्य महसूस कर रही हैं, जो पुरस्कारों की अखंडता से समझौता कर सकती हैं। यदि किसी महिला को उसकी असाधारण क्षमताओं के लिए नहीं बल्कि इसलिए सम्मानित किया जाता है क्योंकि वह किसी विशिष्ट कथा में फिट बैठती है, तो क्या वह मान्यता वास्तव में समान महत्त्व रखती है? महिला पुरस्कारों को पुराने प्रतीक या दिखावटीपन के उपकरण नहीं बनने चाहिए। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की विशिष्ट चुनौतियों और सफलताओं पर प्रकाश डालना जारी रखना चाहिए। इसका उत्तर इन पुरस्कारों के महत्त्व को बढ़ाने में है-यह सुनिश्चित करना कि वे केवल एक प्रतीकात्मक इशारे के बजाय सच्ची उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं। यदि हम वास्तव में महिलाओं का जश्न मनाना चाहते हैं, तो उनके पुरस्कार केवल औपचारिकता नहीं होने चाहिए। उन्हें प्रतिभा, लचीलेपन और महत्त्वपूर्ण योगदान की सही स्वीकृति के रूप में काम करना चाहिए। इसके अलावा, पुरस्कारों के बढ़ते राजनीतिकरण ने योग्यता-आधारित मान्यता की स्पष्टता को धुंधला कर दिया है। कुछ पुरस्कार वास्तविक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय प्रतिनिधित्व, विविधता कोटा और प्रदर्शनकारी सक्रियता के बारे में चर्चाओं में फंस गए हैं। जब विजेताओं का चयन मुख्य रूप से उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के बजाय अन्य कारकों के आधार पर किया जाता है, तो इससे पुरस्कारों की विश्वसनीयता कम हो जाती है। महिलाओं को ऐसे सम्मान की आवश्यकता है जो उनके कौशल और प्रभाव को दर्शाता हो, न कि केवल सांकेतिक इशारे। इन पुरस्कारों को प्रासंगिक और सम्मानित बनाए रखने के लिए, यह आवश्यक है कि वे सख्त चयन मानदंडों का पालन करें जो केवल प्रतीकात्मक कार्यों के बजाय सच्ची उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राकेश व्यास द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11 प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन -1, एमपी नगर, भोपाल - 462011 (मप्र) से मुद्रित एवं प्लाट नम्बर 3, साई दिशा कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। प्रधान संपादक राकेश व्यास, मो : - 09977701999, समूह संपादक सुनील दत्त तिवारी, मो :- 9713 289999, संपादक- ऋषिकान्त सिंह (रजत) परिहार, मो :- 09425002527, फोन: 0755-4222349, ईमेल आईडी: madhyaswarnim@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार होंगे। आरएनआई रजिस्टर्ड क्रमांक:- MPHIN/2013/52452

# न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर बोले रोहित को लेकर दबाव में थे हमारे गेंदबाज

## रोहित शर्मा का अंदाज ऐसा है कि वह बड़े अवसरों पर निर्णायक ही साबित होते हैं

**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। सैंटनर ने कहा है कि रोहित कुछ अवसरों पर असफल हो सकते हैं पर उनका अंदाज ऐसा है कि वह बडे अवसरों पर निर्णायक साबित होते हैं। सैंटनर के अनुसार खिताबी मुकाबले में उनकी टीम के खिलाड़ी रोहित के खेलने के अंदाज से शुरुआत में ही दबाव में आ गये थे। फाइनल में रोहित की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली। रोहित ने फाइनल में में 41 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। उन्होने 76 रनों की पारी खेली। वह इस मैच में अलग अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे।



रोहित ने सिर्फ अपना रवैय बदला और वह टीम के लिए बड़ी पारी खेलने में सफल हो गये। उन्होंने ये पारी तब खेली जब टीम को सबसे ज्यादा जरुतर थी। सैंटनर ने कहा कि उनका रवैया गेंदबाजों में डल पैदा करता है। वे स्वभाव से आक्रामक हैं और मुझे लगता है कि वह और शुभमन गिल अच्छी तरह से तालमेल बिठाते हैं। शुभमन गिल खराब गेंद का इंतजार करते हैं पर रोहित गेंदबाजों को उनती लेंथ से ही खेलकर खुश होते हैं। वो इंतजार नहीं करते और उनका डर हमारी टीम के गेंदबाजों में भी था। सैंटनर ने साथ ही कहा कि रोहित जिस तरह से खेलते हैं उसके बाद आप कुछ बार असफल हो सकते हैं लेकिन जैसा कि उन्होंने फाइनल में हमारे खिलाफ खिलाफ धीमी पिच पर खेला। वह दिखाता है कि अगर आप अपनी टीम को इस प्रकार से शुरुआत देते हैं तो फिर आप मैच में खुद को आगे रख सकते हैं। पावरप्ले के दौरान जिस प्रकार के आक्रामण उन्होंने किये उससे मैच हमारे हाथ से फिसलने लगा था।

### आईसीसी द्वारा पीसीबी को कोई स्पष्टीकरण दिए जाने की संभावना नहीं

**कराची।** पीसीबी को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के समापन समारोह के दौरान कथित उपेक्षा पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कोई 'आधिकारिक स्पष्टीकरण' मिलने की संभावना नहीं है। भारत ने रविवार को खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट जीता। यह विवाद तब शुरू हुआ जब पीसीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) और चैंपियंस ट्रॉफी के टूर्नामेंट निदेशक सुमैर अहमद को फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण समारोह के लिए मंच पर नहीं बुलाया गया। पीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि हमने आईसीसी के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है क्योंकि जो कुछ हुआ वह हमें स्वीकार्य नहीं है। हालांकि आईसीसी सूत्रों के अनुसार पीसीबी को कोई औपचारिक स्पष्टीकरण नहीं दिया जाएगा। आईसीसी सूत्र ने कहा कि अगर पीसीबी के अधिकारी देखें तो आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ अलार्डिस भी मंच पर मौजूद नहीं थे। इसका कारण प्रोटोकॉल है।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में भारत की धीमी शुरुआत

## कई शीर्ष भारतीय खिलाड़ी ग्रां प्री में हिस्सा नहीं ले रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और चक्का फेंक खिलाड़ी योगेश कथुनिया जैसे स्टार पैरा खिलाड़ियों की अनुपस्थिति ने मंगलवार को तीन दिवसीय विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में भारत ने अपने अभियान की धीमी शुरुआत की। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष और पैरालंपिक खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी देवेंद्र झझारिया ने कहा कि सितंबर में होने वाली पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के कारण कई शीर्ष भारतीय खिलाड़ी ग्रां प्री में हिस्सा नहीं ले रहे क्योंकि वे अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण ले रहे हैं। कई भारतीय और विदेशी पैरा खिलाड़ी शुरुआत में अपने प्रतिनिधित्व की पुष्टि करने के बाद विभिन्न कारणों से बाहर हो गए जिससे कुछ स्पर्धाओं में न्यूनतम प्रतिभागी थे। कुछ स्पर्धाओं में सिर्फ एक खिलाड़ी ने हिस्सा लिया। पुरुषों की ऊंची कूद टी42 फाइनल में केवल एक खिलाड़ी रामसिंहभाई गोबिंदभाई पढियार ने हिस्सा लिया और शीर्ष स्थान प्राप्त किया। तीन अन्य खिलाड़ी लोकेश मंत्र, शैलेश कुमार और वरुण सिंह भाटी ने प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया। पुरुष भाला फेंक (एफ33, एफ34) में सिर्फ दो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें उज्बेकिस्तान के ओयबेक इगामनाजारोव 18.05 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ शीर्ष पर रहे जबकि भारत के देवर्शी सचान ने 11.34 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से दूसरा स्थान हासिल किया। पुरुष 100 मीटर (टी11, टी12) में तीन धावकों ने हिस्सा लिया जिसमें ब्राजील के जोफर्सन मरिन्हो डि ओलिवेइरा ने 11.17 सेकेंड के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। भारत के विष्णु (12.39 सेकेंड) और पी राजा मूर्ति (12.94 सेकेंड) ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। एक अन्य भारतीय रमनजीत ने स्पर्धा में शुरुआत नहीं की।



## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### लावण्या ने डब्ल्यूपीजीटी के छठे चरण में एक शॉट की बढ़त बनाई



**गुरुग्राम (एजेंसी)।** भारतीय महिला गोल्फर लावण्या जादोन ने मंगलवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण के पहले दौर में दो अंडर का कार्ड खेलकर एकल बढ़त हासिल की। लावण्या ने 70 के राउंड में पांच बर्डी लगाई लेकिन तीन बोगी कर बैठीं। 'हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष पर चल रही स्नेहा सिंह 13 होल में चार अंडर पर थीं लेकिन फिर वह 14वें से 17वें होल तक लगातार चार बोगी लगा बैठीं। इससे वह इवन पार पर पहुंच गईं लेकिन 18वें होल में बर्डी से एक अंडर का कार्ड बनाकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं।

### हरियाणा के 16 वर्षीय एथलीट निश्चय ने अब गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीता

**पटना (एजेंसी)।** हरियाणा के 16 वर्षीय एथलीट निश्चय मंगलवार को यहां गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर पाटलिपुत्र खेल परिसर में चल रही 20वीं राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन भी आकर्षण का केंद्र रहे। चक्का फेंक में स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद हरियाणा के इस युवा थ्रोअर ने शॉट पुट (गोला फेंक) में शीर्ष स्थान हासिल किया और आयु वर्ग की प्रतियोगिता में अपने पदकों की संख्या में इजाफा किया। यह प्रदर्शन अगले महीने सऊदी अरब में होने वाली एशियाई युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय टीम में चयन में अहम भूमिका निभाएगा। निश्चय ने शॉटपुट में 18.93 मीटर की दूरी से स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के अखंड प्रताप सिंह (17.97 मीटर) और पंजाब के हरप्रताप सिंह (17.40 मीटर) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते।

### शीर्ष 10 बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में कोई पुरुष भारतीय नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की मशहूर पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग के अनुसार पांच-पांच पायदान नीचे खिसक गई है जिससे विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग में भारतीय पुरुष खिलाड़ियों का कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं है। दुनिया के पूर्व छठे नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य इस सत्र में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद 15वें स्थान पर खिसक गए हैं। रैंकिंग में पूर्व नंबर एक सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी पिछले सप्ताह सातवें से 12वें स्थान पर खिसक गई है। एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी नवंबर 2021 के बाद पहली बार शीर्ष 10 से बाहर हुई है। महिला एकल में दो ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी एक स्थान नीचे खिसक गईं और अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज हैं। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने भारत को शीर्ष 10 में शामिल रखा। यह जोड़ी विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर बनी हुई है। मिश्रित युगल में तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 19वीं हासिल की। पिछले सप्ताह ऑरलियन्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे? आयुष शेट्टी ने पांच पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 43वीं रैंकिंग हासिल की।

### बल्लेबाजी कोच मोहम्मद यूसुफ व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान के न्यूजीलैंड दौरे से हटे

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच मोहम्मद यूसुफ ने अपनी बेटी की बीमारी के कारण न्यूजीलैंड दौरे से हटने का फैसला किया है। पूर्व कप्तान यूसुफ को दौरे के लिए बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सूचित किया कि वह इस दौरे से नाम वापस ले रहे हैं। पीसीबी ने कहा कि यूसुफ की जगह लेने के लिए किसी अन्य के नाम की घोषणा नहीं की जाएगी क्योंकि टीम बुधवार को न्यूजीलैंड के लिए रवाना होगी। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के निराशाजनक अभियान के बाद पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे वाले न्यूजीलैंड के दौरे के लिए यूसुफ को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया था।

### डब्ल्यूएफआई का निलंबन वापस नहीं लेना पहलवानों के साथ अन्याय होता : मांडविया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि भारतीय पहलवानों को आगामी टूर्नामेंटों में भाग लेने की अनुमति देने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का निलंबन रद्द करना आवश्यक था और ऐसा नहीं करना खिलाड़ियों के साथ अन्याय होता। मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई पर से निलंबन हटा लिया है जिससे महीनों से चली आ रही अनिश्चितता का अंत हो गया है और अम्मान में आगामी एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल सहित गतिविधियों को फिर से शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। मांडविया ने कहा, ''उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, डब्ल्यूएफआई को मान्यता देना आवश्यक था ताकि हम अपने पहलवानों को एशियाई चैंपियनशिप और विश्व चैंपियनशिप के लिए भेज सकें। वर्ना यह हमारे देश के पहलवानों के भविष्य के साथ अन्याय होता। मंत्रालय ने निलंबन हटाने के लिए कई शर्तों को रेखांकित किया जिसमें शासन सुधार, पारदर्शी चयन प्रक्रिया, सुशासन प्रथाएं और खिलाड़ियों का कल्याण शामिल हैं।

### मेजबान भारत सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के ड्रॉ में नेपाल और श्रीलंका के साथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेजबान भारत को मंगलवार को काठमांडो में कराये गए सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के ड्रॉ में ग्रुप बी में नेपाल और श्रीलंका के साथ रखा गया। अरूणाचल प्रदेश के यूपिया का गोल्डन जुबली स्टेडियम इस साल नौ से 18 मई तक क्षेत्रीय अंडर-19 पुरुष टूर्नामेंट के तीसरे चरण की मेजबानी करेगा। इसी स्थल पर पिछले साल संतोष ट्रॉफी का फाइनल राउंड खेला गया था। ड्रॉ के अनुसार मालदीव, भूटान और बांग्लादेश को ग्रुप ए में रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 16 मई को खेले जायेंगे जबकि फाइनल 18 मई को होगा। भारत गत चैम्पियन है जिसने काठमांडो में 2023 चरण के फाइनल में पाकिस्तान को 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पिछले साल टूर्नामेंट अंडर-20 वर्ग के लिए कराया गया था जिसमें भारत सेमीफाइनल में पेनल्टी में बांग्लादेश से हार गया था। यह चौथी बार होगा जब भारत आयु वर्ग की सैफ प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

# गलत फैसलों की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट आईसीयू में है : शहिद आफरीदी

## ऑलराउंडर शादाब खान की राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी पर सवाल उठाया

**कराची (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने ऑलराउंडर शादाब खान की राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी पर सवाल उठाते हुए कहा कि गलत फैसलों की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट आईसीयू में है। पिछले टी20 विश्व कप के बाद से बाहर चल रहे शादाब को वापस बुलाया गया है और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए सलमान अली आगा की अगुआई वाली टीम का उप कप्तान भी नियुक्त किया गया है। मीडिया से बातचीत के दौरान अफरीदी ने कहा, ''किस आधार पर उसे वापस बुलाया गया है। घरेलू क्रिकेट में उसका प्रदर्शन क्या रहा है या फिर ऐसा क्या है कि उसे फिर से टीम में चुना गया है। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि जब तक फैसले योग्यता के आधार पर नहीं लिए जाते, तब तक पाकिस्तान क्रिकेट में कुछ नहीं बदलेगा। अफरीदी ने कहा, ''हम हमेशा तैयारियों की बात करते हैं और जब कोई प्रतियोगिता आती है और हम असफल हो जाते हैं तो हम इसका इलाज करने की बात करते हैं। सच्चाई यह है कि गलत फैसलों की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट आईसीयू में है। जब भी कोई नया अध्यक्ष कार्यभार संभालता है तो वह आकर सब कुछ बदल देता है। पूर्व कप्तान अफरीदी ने सवाल किया बोर्ड के निर्णयों और नीतियों में कोई निरंतरता या एकरूपता नहीं है।



# हॉकी इंडिया 12 करोड़ रुपये के पुरस्कार बांटेगी, टीम के खिलाड़ियों पर पैसा बरसेगा

## इसमें आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों पर पैसा बरसेगा। हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। इसमें आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को होगा। इमसें साल 2024 सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान होगा। पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाएगा। ये सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। जुगरात सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को मिलेगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार दिया जाएगा।



इन खिलाड़ियों को मिलेगा पुरस्कार

**सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार:** बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता

**सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार:** लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।

**सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार:** संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।

के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार, जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।

# इंग्लैंड के क्रिकेटर हैरी ब्रुक 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल में नजर नहीं आएंगे, उन पर लग सकता है प्रतिबंध

## दिल्ली कैपिटल्स ने गत वर्ष हुई निलामी में उन्हें सवा 6 करोड़ रुपयों में खरीदा था

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के क्रिकेटर हैरी ब्रुक ने 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल में नहीं नजर आयेंगे। हैरी आईपीएल से हट गये हैं जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने गत वर्ष हुई निलामी में उन्हें सवा 6 करोड़ रुपयों में खरीदा था। हैरी को बिना किसी पर्याप्त कारण के खेलने से इंकार करने पर अगले दो सत्र के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।

हैरी ने कहा है कि वह राष्ट्रीय टीम की ओर से आगामी सीरीज की तैयारी में लगा हूं और इसके लिए तरोताजा होने मुझे समय चाहिये। साथ ही कहा कि देश की ओर से खेलना मेरी पहली प्राथमिकता है। हैरी को नवंबर में हुई मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। यह लगातार दूसरी बार है जब ब्रूक ने आईपीएल से अपना नाम वापस लिया है और ऐसे में अब उन पर प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है। आईपीएल द्वारा शुरू किए गए नए नियम के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो प्लेयर ऑक्शन में खुद को रजिस्टर करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सीजन की शुरुआत से पहले अपने को उपलब्ध नहीं कराता है, उसे टूर्नामेंट और प्लेयर ऑक्शन में भाग लेने से 2 सीजन के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। हालांकि खिलाड़ी चोट लगने या चिकित्सा कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस लेता है तो उसपर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा। ब्रूक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में कहा, यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी सीरीज की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं।




# लक्ष्य सेन जीते, एच एल प्रणय ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर

## अल्मोड़ा के 23 वर्षीय लक्ष्य दूसरे दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे


**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत के लक्ष्य सेन ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को यहां ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियन शिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एचएस प्रणय सीधे गेम में शिकस्त के साथ से बाहर हो गए। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने चीनी ताइपे के दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी सू ली यैंग को इस सुपर 1000 प्रतियोगिता के पहले दौर में 13-21, 21-17, 21-15 से हराया। अल्मोड़ा के 23 वर्षीय लक्ष्य दूसरे दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे। लक्ष्य ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के दौरान क्रिस्टी को हराया था। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 32 वर्षीय प्रणय को दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में सतीश कुमार करुणा करण और आद्या वरियथ की जोड़ी को गुओ शिन वा और चेन फेंग हुइ की चीन की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 51 मिनट में 6-21, 15-21 से हार झेलनी पड़ी।



# दिल्ली कैपिटल्स नये कप्तान के एल राहुल, कोच हेमंग बादानी ओर मेंटोर पीटरसन के साथ उतरेगी

## ऐसे में उनका लक्ष्य इस बार दिल्ली कैपिटल्स को खिताब जिताना रहेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल 2025 में नये कप्तान केएल राहुल और नये को हेमंग बादानी के मार्गदशन में उतरेगी। वहीं इसके अलावा टीम ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को मेंटर बनाया है। अब देखना है कि राहुल , बादानी और पीटरसन की तिकड़ी कितनी सफल होती है। राहुल पहले भी कप्तान रहें है, वहीं बादानी भी कोच रहे हैं पर पीटसरन पहले बार मेंटोर बने हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस बार दिल्ली कैपिटल्स को खिताब जिताना रहेगा। अब देखना होगा कि वह कितने सफल होते हैं। यह पहली बार होगा जब पीटरसन किसी क्रिकेट टीम के साथ सहायक स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। पीटरसन अब डीसी कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच हेमांग बदानी, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव, गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल और सहायक कोच मैथ्यू मोट के साथ काम करेंगे। वह पहली बार किसी टीम से जुड़ हैं। इससे पहले व कमेंट्री करते रहे हैं। पीटरसन ने आईपीएल 2012 और 2014 में डीसी की ओर से खेला था। इसमें उन्होंने 305 और 294 रन बनाए थे। उन्होंने 17 मैचों में फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी की थी। 200 टी20 खेलने वाले पीटरसन के नाम पर 5,695 रन दर्ज है। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और पुणे फ्रेंचाइजी के लिए 36 मैच खेलकर साथ 1001 रन बनाये हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा, पीटरसन आधुनिक समय के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक थे, और उनका हमारी टीम में होना एक मूल्यवान जुड़ाव है। इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में ही दिल्ली कैपिटल्स ने कोच मैथ्यू मॉट को अपने सहायक कोच के रूप में नियुक्त करने की भी घोषणा की।




# खेलो इंडिया पैरा खेल 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित

## प्रतियोगिता में 1230 पैरा एथलीट छह प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेलो इंडिया पैरा खेल 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किये जाएंगे। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स के इस दूसरे सत्र में इसमें करीब 1,230 पैरा एथलीट छह प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इन खेलों में पेरिस पैरालिंपिक और हांग्जो एशियाई पैरा खेल 2022 के विजेता खिलाड़ी भी शामिल रहेंगे।

तय कार्यक्रम के अनुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 21 से 26 मार्च तक पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग जैसी खेल प्रतियोगिताएं होंगी । इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं को भी रखा जाएगा। वहीं निशाने बाजी के मुकाबले डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में 21 से 25 मार्च तक होंगे। खेलो इंडिया से उभरते हुए खिलाड़ियों को अपने खेल और प्रतिस्पर्धी कौशल को संवारने का अवसर मिलेगा। खेलो इंडिया पैरा गेम्स का पहला संस्करण दिसंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित किया गया था।



## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### विश्वास सारंग करेंगे सहकारिता विभाग में 25 अनुकंपा नियुक्ति पत्रों का वितरण

भोपाल। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग बुधवार 12 मार्च को अपेक्स बैंक परिसर के समन्वय भवन में सहकारिता विभाग में 25 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति-पत्र सौंपेंगे। मंत्री सारंग इसी के साथ ई-पेक्स के लिए एक दिवसीय हैंड्स ऑन रिफ्रेशर प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम के आयोजन का शुभारंभ भी करेंगे। प्रशिक्षण में सहकारिता विभाग, जिला बैंक एवं पेक्स के लगभग 650 प्रतिभागी शामिल होंगे। सहकारिता विभाग में कार्यरत विभिन्न कर्मचारियों के आकस्मिक देहावसान के बाद उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिये मंत्री सारंग के निर्देशन में एक अभियान के रूप में कार्यवाही प्रारंभ की गई है। इन सभी कर्मचारियों के दस्तावेजों को बुलाकर समय सीमा में उनका सत्यापन करा लिया गया है। विभाग के विभिन्न जिलों में रिक्त पदों पर सहायक ग्रेड-3 के ऐसे कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदाय की जा रही है। मंत्री सारंग अनुकंपा नियुक्ति के 25 आदेश प्रदान करेंगे। इससे विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के सभी पात्र प्रकरणों का निराकरण हो जायेगा और विभाग में सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पदों की पूर्ति भी हो जायेगी। मंत्री सारंग ने कहा कि राज्य शासन कर्मचारियों के हितों को लेकर संवेदनशील है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

भोपाल। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 119 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें : संभागायुक्त

भोपाल। संभागायुक्त संजीव सिंह ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल, विद्युत कनेक्शन और क्रियाशील शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी आंगनवाड़ी केंद्र समय पर खुलें और बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार वितरित किया जाए। संभागायुक्त सिंह ने आज कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त विनोद यादव, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती नकी जहां कुरैशी और सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त सिंह ने आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को इसे समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए कहा।

# होली, रंगपंचमी और रमजान पर शांति व कानून व्यवस्था रखें बहाल : डीजीपी

## त्यौहारों पर महिलाओं से अभद्रता करने वालों पर करें कठोर कार्रवाई

**भोपाल।** होली, रंगपंचमी और ईद के त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बहाल रहे और सौहार्द बना रहे, इसके दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस विभाग के आला अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में समस्त समस्त एडीजी/आईजी, पुलिस आयुक्त भोपाल एवं इंदौर,रेंज डीआईजी एवं समस्त पुलिस अधीक्षक शामिल हुए । बैठक में स्पेशल डीजी सीआईडी पवन श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी तथा एडीजी (इंटेलिजेंस) योगेश देशमुख और आईजी लॉ एंड ऑर्डर अंशुमान सिंह भी उपस्थित रहे।



डीजीपी मकवाणा ने कहा कि प्रदेश भर में आयोजित होने वाले त्यौहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने के लिए हमें तैयार रहना है। त्यौहारों में नागरिक उत्साहपूर्वक सम्मिलित हो रहे हैं, जिसके दृष्टिगत पुलिस की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हों, यह सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक पूरे बल की गहन समीक्षा कर सभी संवेदनशील तथा उपयुक्त स्थल पर पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करें। ग्राम/नगर रक्षा समिति तथा ग्राम कोटवारों का भी सहयोग लें। उन्होंने कहा कि जिला एवं थाना स्तर के अलावा आवश्यकतानुसार बीट्स, मोहल्ला पर भी शांति समिति की बैठक आयोजित करें। बीट स्तर की इंटेलीजेंस को अत्यधिक सक्रिय रखें।

### सामुदायिक पुलिस के माध्यम से संवाद और समन्वय बनाए रखें

डीजीपी ने रमजान, होली और रंगपंचमी के अवसर पर कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलों में शांति समितियों की बैठकें करने के साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी धर्मगुरुओं से समय-समय पर संवाद और समन्वय बनाए रखें। कहीं किसी प्रकार की समस्या या परेशानी होने की स्थिति में उसका समाधान समय से सुनिश्चित कराया जाए। त्योहारों के मद्देनजर सभी ध्यान रखें कि सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे।

### महिला सुरक्षा के प्रति रहें सजग

डीजीपी मकवाणा ने कहा कि त्यौहारों के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि महिलाओं के साथ कोई अभद्रता की घटना ना हो। महिलाओं के साथ छेड़खानी करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान डीजीपी मकवाणा ने बल देते हुए कहा कि होली और रंगपंचमी पर होने वाली असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए तैनात रहें। विशेष तौर पर अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई की जाए। लाइसेंसी शराब दुकानें शासन के निर्धारित समय पर खुलें एवं बंद हों, यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। वहीं डीजे पर आपत्तिजनक गाने ना बजाए जाएं, इसके लिए डीजे संचालकों को निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि अवांछित तत्वों के विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्यवाही की जाए। सभी संवेदनशील क्षेत्रों व हॉट स्पॉट की लिस्ट बनाकर वरिष्ठ अधिकारी खुद उनका भ्रमण करें व सुरक्षा प्रबंधों की भी समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों और मिली-जुली आबादी वाले क्षेत्रों और जुलूस मार्गों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करें। उन्होंने सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के जरिये निगरानी और प्रमुख स्थानों पर डायल 100 की पीआरवी को मुस्तैद किए जाने के निर्देश दिए।

### सुरक्षा के दृष्टिगत अन्य विभागों से करें समन्वय

डीजीपी मकवाणा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि होलिका दहन पर आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। नागरिकों को भी समझाइश दें कि बिजली के खंभों, तारों या किसी अन्य ज्वलनशील पदार्थों के आसपास होलिका दहन ना करें। पंचायतों, नगरीय निकायों, स्वास्थ्य विभाग से भी समन्वय करें और फायरब्रिगेड एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से मिलेगी लोकल उत्पादों को वैश्विक पहचानः मुख्यमंत्री

## स्थानीय कारीगरों को मिलेगा ग्लोबल-वोकल सपोर्ट




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'एक जिला-एक उत्पाद' हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में आयोजित 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) एक्सपो ने स्थानीय कारीगरों और किसानों के उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान किया। जीआईएस-भोपाल में 38 जिलों के विशिष्ट ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें परंपरा और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिला। जीआईएस-भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडीओपी को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त पहल बताया।

उन्होंने कहा कि हर जिले का एक खास उत्पाद उसकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान बन सकता है। ओडीओपी कार्यक्रम से लोकल प्रोडक्ट्स को ग्लोबल ब्रांड बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से हमारे स्थानीय उत्पादों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान बनाने का अवसर मिला है।

एक्सपो में ओडीओपी के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया। लाइव काउंटर में बाग प्रिंट, जरी जरदोजी, बटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को कारीगरों ने लाइव प्रदर्शित किया।

जीआईएस-भोपाल में आयोजन के दौरान विदेशी निवेशकों और उद्योगपतियों ने स्थानीय कारीगरों के हुनर को करीब से देखा और उनकी कार्यशैली को समझा। एक्सपो के 'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल ज़ोन' के लाइव काउंटर भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने रहे।

# पीथमपुर में तीसरा ट्रायल रन शुरू ढाई दिन में जलेगा दस टन कचरा



**इंदौर।** पीथमपुर में भोपाल से लाए गए यूनियन कार्बाइड के कचरे का तीसरा ट्रायल रन शुरू हो गया है। दस टन कचरा ढाई दिन में चलेगा। कोर्ट के सरकार को विशेषज्ञों की मौजूदगी में तीन ट्रायल रन करने के निर्देश दिए थे। कचरा निपटान के तीनों चरणों की रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की जाएगी। तीसरे ट्रायल रन से पहले सोमवार को 12 घंटे का ड्राय रन हुआ। इस दौरान भस्मक का तापमान 1200 से 800 डिग्री तक लाया गया। उसके बाद कचरे का निपटान शुरू हुआ।

तीसरे चरण में पहले व दूसरे चरण की तुलना में ज्यादा कचरा जलाया जाएगा।

पहले चरण में 135 किलो, दूसरे चरण में 220 किलो और तीसरे चरण में 270 किलो प्रति घंट के हिसाब से कचरा जलाया जाएगा। इस दौरान निकलने वाली गैसों का अध्ययन भी किया जा रहा है। उसके साथ रिपोर्ट कोर्ट में पेश होगी।

उधर पीथमपुर में कचरा जलाने का विरोध कर रहे लोगों का आरोप है कि ट्रायल रन की पूरी जानकारी नहीं दी जा रही है। निपटान के बाद बची राख और पानी में पाए जाने वाले तत्वों की जानकारी नहीं दी जा रही है।

# मध्य प्रदेश के बजट से कर्मचारी संगठनों को बड़ी उम्मीद, संगठनों ने बताए अपनी-अपनी मांग

**भोपाल।** वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बुधवार को मध्य प्रदेश सरकार का पूर्ण बजट पेश करेंगे। अनुमान जताया जा रहा है कि ये बजट 4.25 लाख करोड़ रुपए का होगा। इसे अब तक का सबसे बड़ा बजट माना जा रहा है। इस बजट को 25 लोगों की टीम ने करीब तीन माह में तैयार किया है। बतादें कि, ये वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का 7वां बजट है। इस बजट में मध्य प्रदेश के कर्मचारी संगठनों को बड़ी उम्मीद है। कर्मचारी संगठनों ने अपनी अपनी मांगे बताई हैं।

राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शील प्रताप सिंह पुंढीर ने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पेश किया जा रहे बजट से कर्मचारियों को बड़ी उम्मीद है। इस बजट में राज्य के अल्प वेतन प्राप्त शासकीय विभागों में सेवारत दैनिक वेतन भोगी एवं आउटसोर्स तृतीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को एकमुस्त नियमितीकरण हेतु योजना अंतर्गत बजट का प्रावधान हो। ताकि वर्तमान भीषण महंगाई में जीवन यापन कर रहे इन श्रमिकों के परिवार भी खुशहाल जीवन जी सके। संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने कहा है कि आउटसोर्स कर्मचारी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। सरकार द्वारा पेश किया जा रहे बजट से हमें बड़ी



उम्मीद है। हम चाहते हैं कि आउटसोर्स कर्मचारी के लिए बजट में अधिक से अधिक प्रावधान किया जाए एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों को स्वीकृत किया जाए, जिससे उन पदों पर आउट सोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जाए। एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार समान कार्य समान वेतन आउट सोर्स कर्मचारियों को भी दिया जाए।

समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह कौरव ने कहा है कि इस बजट में स्वास्थ्य कर्मचारियों को बड़ी उम्मीद है। मध्यप्रदेश सरकार को बजट सत्र मे प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए वेतनमान और वेतन भत्ता हेतु बजट का प्रावधान करना चाहिए और केंद्र सरकार की भांति इनकम टैक्स में राहत देने का भी बजट में प्रावधान होना चाहिए।

# जल संरक्षण को बनाएं जन आंदोलन : सिलावट

## प्रदेश में 30 मार्च से चलेगा 'जल गंगा संवर्धन अभियान'



**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प है कि हर घर स्वच्छ पेयजल और खेती के लिए हर खेत तक पानी पहुंचे। इसके लिए प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजनाओं के बाद ताप्ती मेगा बेसिन परियोजना बनाई जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न सिंचाई योजनाओं के माध्यम से सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तालाब एवं अन्य जल स्त्रोतों के उन्नयन, विकास, गहरीकरण, जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने और उनके आसपास पौधा-रोपण आदि के उद्धेश्य से प्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक 'जल गंगा संवर्धन अभियान' चलाया जाएगा। उन्होंने प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का जनता से आहवान किया।

जल संसाधन मंत्री सिलावट ने मंगलवार को प्रमुख अभियंता जल संसाधन कार्यालय के सभाकक्ष में अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता जल संसाधन विनोद कुमार देवड़ा सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि जल संसाधन विभाग में प्रदेश में 32 वृहद, 120 मध्यम एवं 5 हजार 800 लघु जल संरचनाएं हैं। इनमें बनाए गए बांधों की नहर प्रणाली 40 हजार किलोमीटर की है जिनमें 16 हजार किलोमीटर पक्की और 24 हजार किलोमीटर कच्ची नहरें हैं। इन नहरों से सिंचाई के लिए खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है। अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं की आवश्यक मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य किया जाना है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की समृद्धशाली परंपरा रही है। यहां की चंदेल कालीन जल संरक्षण प्रणाली न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध रही है। जल संसाधन संभाग छतरपुर में 44, टीकमगढ़ में 71 और पन्ना में 5 चंदेल/बुंदेलकालीन तालाब हैं।

### इन्दर सिंह परमार बुधवार को आरजीपीवी में 'सृजन' कार्यक्रम का करेंगे शुभारम्भ

भोपाल। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार बुधवार को इनोवेट एमपी मिशन के अंतर्गत 'सृजन (एसआरआईजेएएन)' कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। मंत्री परमार 'सृजन' कार्यक्रम की सूचना विवरणिका (इन्फॉर्मेशन ब्रॉशर) का विमोचन भी करेंगे। यह शुभारम्भ कार्यक्रम भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अपराह्न 3 बजे आयोजित होगा। तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार के मार्गदर्शन में, तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत सृजन कार्यक्रम का सूत्रपात किया गया है, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल को इस कार्यक्रम की नोडल एजेंसी बनाया गया है। सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत समस्त इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक एवं उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रमों के अंतर्गत विकसित किये गए नवीन प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना है।

# पशुओं की चिकित्सा के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां भी आवश्यकः पटेल

## पशुओं की वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति पर हुई दो दिवसीय कार्यशाला

**भोपाल।** पशु पालन एवं डेयरी राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा है कि पशुओं की बीमारियों के समुचित इलाज के लिए वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग भी आवश्यक है।

वर्तमान में आधुनिक चिकित्सा पद्धति के कारण मनुष्यों एवं पशुओं में जीवाणु रोधी दवाइयां के प्रति प्रतिरोधकता का बढ़ना महामारी का रूप ले रहा है, जो एक भयानक वैश्विक खतरा बनता जा रहा है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति से एवं एंटीबॉयोटिक के दुरुपयोग से इसका दुष्प्रभाव मनुष्य एवं पशुओं में देखा जा रहा है, जिसके कारण एएमआर (एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस) की वैश्विक समस्या उत्पन्न हो गई है। अल्टरनेट वेटरिनरी प्रैक्टिस जैसे आयुर्वेद, होम्योपैथी, पारंपरिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा इत्यादि का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है, जिससे कम खर्च पर आसानी से पशुओं की बिना किसी दुष्प्रभाव के चिकित्सा की जा सकती है। पशु पालन राज्यमंत्री पटेल ने मंगलवार को होटल पलाश रेसीडेंसी में 'पशुओं की वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति' पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश महेंद्र सिंह, दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के अभय महाजन, अध्यक्ष, वेटनरी काउंसिल ऑफ इंडिया डॉ. उमेशचंद शर्मा, संचालक, पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पी एस पटेल आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के 13 विषय विशेषज्ञ और लगभग 100 से अधिक विभागीय अधिकारी शामिल हुए।




पशु पालन राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि भारत में आदिकाल से पारंपरिक एवं वैकल्पिक पशु चिकित्सा पद्धति का उपयोग किया जाता था, जिसे पुनः पशुओं की चिकित्सा में बढ़ावा देने एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है।

# टोकरी में काले नाग लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायकों ने कहा भाजपा बेरोजगारों को डंस रही

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा सत्र के आज यानी मंगलवार को कांग्रेस विधायकों ने अनोखा प्रदर्शन किया। टोकरी में काले नाग लेकर विधानसभा पहुंचे विधायकों का आरोप था कि भाजपा बेरोजगारों को डंस रही है इसलिए ये प्रतीकात्मक नाग लेकर पहुंचे हैं।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, सरकार युवाओं को डसना बंद करे। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कहा बेरोजगार युवाओं को सांप बनकर कब तक डसेगी भाजपा सरकार!

प्रदेश का युवा सरकार से सवाल कर रहा है कि एमपीपीएससी भर्ती क्यों रोकी गई? हर बेरोजगार के सवालों का जवाब दे भाजपा सरकार! मध्य प्रदेश के उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे ने कहा, भाजपा का असली चेहरा काले सांप जैसा ही है...वे राज्य के युवाओं के भविष्य को डस रहे हैं और मार रहे हैं। हम यह विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि यहां के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। इस वजह से मध्य प्रदेश के युवा दूसरी जगहों पर पलायन कर रहे हैं। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार न दिए जाने के विरोध में कांग्रेस विधायकों के साथ सांप हाथ में लेकर भाजपा सरकार का कड़ा विरोध करने पहुंचे हैं।




मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल रही है। हजारों सरकारी पद खाली हैं, फिर भी युवा बेरोजगार क्यों हैं? सरकार का वादा था कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिलेगा, लेकिन भाजपा सरकार युवाओं के रोजगार पर सांप की तरह कुंडली मार कर बैठी है और हर दिन बेरोजगार युवाओं को डस रही है।

### बजट में मिडिल क्लास को मिले विशेष राहत

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा में बुधवार को पेश होने वाले बजट को लेकर चार्टेड अकाउंटेंट सुरभि अग्रवाल का कहना है कि मप्र में 2024-25 का बजट 3 लाख 65 करोड़ रु. था जो कि 2025-26 में 4 लाख करोड़ रु. से भी ज्यादा होना अनुमानित है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों जैसे आटो मोबाइल, उद्योग, महिला विकास किसानों के विकास एवं टैक्स से संबंधित बजट होगा। परन्तु इस बार सरकार से आशा करते हैं कि सरकार द्वारा मिडिल क्लास व्यक्तियों पर भी ध्यान दिया जाए।



सरकार जो कि पिछले कई वर्षों से VAT पर ध्यान नहीं दे रही है, इस बार सरकार से अनुरोध है कि VAT जो कि पेट्रोल पर 29% VAT + 2.5/ litere additional VAT + 1% Cess एवं डीजल पर 19% VAT + Rs.1.5/लीटरU Additiond VAT + 1%- Cess को कम किया जाए, डीजल पर कुल मिलाकर 23 प्रतिशत, एवं पेट्रोल पर 33 प्रतिशत टैक्स मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लगाया जाता है जो केन्द्र सरकार द्वारा लगाए गए है टेक्स के अलावा है।